केवल आन्तरिक परिचालन हेतु
FOR INTERNAL CIRCULATION ONLY

यूको बैंक
UCO BANK

यूको बैंक
(अधिकारी) सेवा विनियम, 1979
(30.6.1997 तक संशोधित)

UCO BANK
(OFFICERS') SERVICE REGULATIONS, 1979
(Revised upto 30.6.1997)

प्रधान कार्यालय
कार्मिक विभाग
कलकत्ता

HEAD OFFICE
PERSONNEL DEPARTMENT
CALCUTTA

यूको बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979

विषय-वस्तु

	विनियम	पृष्ठ सं.
	अध्याय - I	
1.	संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ	1
2.	अधिकारी, जिन पर ये विनियम लागू होंगे	1
3.	परिभाषाएं	1
	अध्याय - II	
4.	श्रेणियां और वेतनमान	3
5.	वेतनवृद्धियां	4
6.	वर्गीकरण	8
	अध्याय - III	
7.	नियत तिथि को पदों का वर्गीकरण	9
8.	वेतनमानों में नियतन	9
9.	समायोजन भत्ता	11
10.	वैयक्तिक भत्ता	11
11.	भावी वेतनवृद्धियों और बढ़ोतरियों में समावेश	12
12.	विद्यमान अधिकारियों के लिए विकल्प	13
13.	नियतन के विरुद्ध अपील	14
	अध्याय - IV	
14.	नियुक्तियां	15
15.	परिवीक्षा	15
16.	स्थायीकरण	15
17.	पदोन्नतियां	16
18.	वरिष्ठता	16
19.	सेवानिवृत्ति की आयु	17
20.	सेवा-समाप्ति	19

UCO BANK (OFFICERS') SERVICE REGULATIONS, 1979

CONTENTS

	Regulation	Page No.
	CHAPTER - I	
1.	Short title and commencement	1
2.	Officers to whom the regulations apply	1
3.	Definitions	1
	CHAPTER - II	
4.	Grades and scales of pay	3
5.	Increments	4
6.	Categorisation	8
	CHAPTER - III	
7.	Categorisation on the appointed date	9
8.	Fitment in the scales of pay	9
9.	Adjustment allowance	11
10.	Personal allowance	11
11.	Absorption against future increments and increases	12
12.	Option for existing Officers	13
13.	Appeal against fitment	14
	CHAPTER - IV	
14.	Appointments	15
15.	Probation	15
16.	Confirmation	15
17.	Promotions	16
18.	Seniority	16
19.	Age of retirement	17
20.	Termination of Service	19

अध्याय - V

21.	महंगाई भत्ता	21
22.	मकान किराया भत्ता	22
23.	अन्य भत्ते	24

अध्याय - VI

24.	चिकित्सा सहायता	28
25.	आवासीय सुविधा	30
26.	व्यक्तिगत उपयोग के लिए बैंक की कार	31
27.	वाहन खरीदने के लिए ऋण	31
28.	मकान खरीदने के लिए ऋण	31
29.	मनोरंजन व्यय और क्लब सदस्यता शुल्क	32
30.	जमाराशियों पर अधिमान्य ब्याज-दर	32

अध्याय - VII

31.	छुट्टी के प्रकार	32
32.	आकस्मिक छुट्टी	32
33.	साधिकार छुट्टी	33
34.	बीमारी छुट्टी	33
35.	अतिरिक्त बीमारी छुट्टी	34
36.	प्रसूति छुट्टी	34
37.	असाधारण छुट्टी	34
38.	छुट्टी का कालातीन होना	34
39.	कार्य पर वापस बुलाना	35
40.	बैंक को छुट्टीकालीन पते की सूचना	35

अध्याय - VIII

41.	यात्रा का साधन और यात्रा व्यय	35
42.	स्थानान्तरण, यात्रा भत्ता आदि	38
43.	सेवानिवृत्ति पर यात्रा-भत्ता	40
44.	छुट्टी यात्रा सुविधा	41

CHAPTER - V

21.	Dearness allownace	21
22.	House rent allowance	22
23.	Other allowances	24

CHAPTER - VI

24.	Medical aid	28
25.	Residential accommodation	30
26.	Bank's car for personal purposes	31
27.	Loan for the purchase of conveyance	31
28.	Loan for the purchase of houses	31
29.	Entertainment expenses and club membership fees	32
30.	Preferential interest rates on deposits	32

CHAPTER - VII

31.	Kinds of leave	32
32.	Casual leave	32
33.	Privilege leave	33
34.	Sick leave	33
35.	Additional sick leave	34
36.	Maternity leave	34
37.	Extraordianary leave	34
38.	Lapse of leave	34
39.	Recall for duty	35
40.	Furnishing the leave address to the Bank	35

CHAPTER - VIII

41.	Mode of travel and expenses on travel	35
42.	Transfer, Travelling allowance etc.	38
43.	Travelling allowance on retirement	40
44.	Leave Travel Concession	41

अध्याय - IX

45. भविष्य निधि और पेंशन 42
46. उपदान 43

अध्याय - X

47. स्थानांतरणीयता 44
48. बैंक-कार्य के लिए उपलब्धता 44
49. स्थानांतरण पर कार्यग्रहण अवधि 44

अध्याय - XI

50. विनियमों को लागू करने की शक्ति 45
51. सरकारी निर्णय ही मंडल का प्रारंभिक निर्णय 45
53. "सेवा" का निर्वचन 45
53. पूर्व नियमों आदि का प्रतिसंहरण 45
54. निर्वचन 45

यूको बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 के सम्बन्ध में सरकार के मार्गदर्शी सिद्धान्त–

अनुबंध	विनियम	पृष्ठ
1	4(1)	46
2	5	46
3	6	47
4	8(1)	49
5	14	50
6	17	51
7	19 (1) एवं (2)	54
8	22(2)	55
9	23(ii)	55
10	24	61
11	25	62
12	26	62
13	27	63
14	28	64
15	29	70
16	41	71

CHAPTER - IX

45. Provident Fund and Pension 42
46. Gratuity 43

CHAPTER - X

47. Transferability 44
48. Availibility on Bank's duties 44
49. Joining time on transfer 44

CHAPTER - XI

50. Power to implement regulations 45
51. Government's decision to be construed as initial decision of the board 45
52. Interpretation of "Service" 45
53. Revocation of earlier rules, etc. 45
54. Interpretation 45

GOVERNMENT GUIDELINESTO UCO BANK (OFFICERS') SERVICE REGULATIONS, 1979—

ANNEXURE	REGULATION	PAGE
1	4(1)	46
2	5	46
3	6	47
4	8(1)	49
5	14	50
6	17	51
7	19(1) & (2)	54
8	22(2)	55
9	23(ii)	55
10	24	61
11	25	62
12	26	62
13	27	63
14	28	64
15	29	70
16	41	71

यूको बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979

प्रारम्भिक

केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी तथा भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 एवं धारा 12 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूको बैंक का निदेशक मण्डल निम्नलिखित विनियम बनाता है, यथा :-

अध्याय - I

संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ

1. (1) इन विनियमों को यूको बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 कहा जा सकेगा।

(2) ये विनियम 1 जुलाई, 1979 से प्रवृत्त होंगे।*

अधिकारी जिन पर ये विनियम लागू होंगे

2. (1) बैंक के सभी अधिकारियों पर और सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित सीमा एवं शर्तों तक उन कर्मचारियों पर भी, जिन्हें ऐसे प्राधिकारी निर्धारित करें, ये विनियम लागू होंगे।

(2) ये उन अधिकारियों पर भी लागू होंगे जो भारत के बाहर स्थानांतरित/पदस्थापित/प्रतिनियुक्त किए जाते हैं, केवल उन स्थितियों को छोड़कर जिनका निर्धारण सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष या सामान्य रूप से किया जाता है।

(3) हालांकि ये उस कर्मचारी पर लागू नहीं होंगे जो भारत के बाहर किसी देश में नियुक्त/कार्यरत है और वहाँ स्थायी रूप से सेवारत है।

परिभाषाएं

3. इन विनियमों से जब तक कि कोई बात विषय अथवा सन्दर्भ के प्रतिकूल न हो

(क) "नियत तिथि" का आशय 1 जुलाई, 1979 से है;

(ख) "बैंक" का आशय यूको बैंक से है;

(ग) "मण्डल" का आशय बैंक के निदेशक मण्डल से है;

* इसके पश्चात् किए गए संशोधनों के अधीन रहते हुए।

UCO BANK (OFFICERS') SERVICE REGULATIONS, 1979

PRELIMINARY

In exercise of the powers conferred by Section 19 read with Sub-section (2) of Section 12 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (5 of 1970), the Board of Directors of UCO Bank in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following regulations, namely :–

CHAPTER - I

Short title and commencement

1. (1) These regulations may be called UCO Bank (Officers') Service Regulations, 1979.

(2) These regulations shall come into force on the 1st day of July, 1979*

Officers to whom the regulations apply

2. (1) These regulations shall apply to all Officers of the Bank and to such other employees of the Bank to whom they may be made applicable by the competent authority to the extent and subject to such conditions as such authority may decide.

(2) They shall also apply to officers transferred/posted/deputed outside India except to such extent as may be specifically or generally prescribed by the Competent Authority.

(3) They shall, however, not apply to employee appointed/engaged in any country outside India and permanently serving there.

Definitions

3. In these regulations, unless there is anything repugnant to the subject or context-

(a) "appointed date" means the 1st July, 1979;

(b) "Bank" means UCO Bank;

(c) "Board" means the Board of Directors of the Bank;

* Subject to amendments made thereafter.

(घ) "सक्षम प्राधिकारी" का आशय मण्डल द्वारा किसी उददेश्य के लिए नामित प्राधिकारी से है ;

(ड) "परिलब्धियों" का आशय संवेतन और भत्तों के, यदि कोई हो, कुल योग से है;

(च) "परिवार" का आशय अधिकारी की पत्नी/के पति (यदि पति/पत्नी भी बैंक के कर्मचारी नहीं हैं) तथा अधिकारी पर पूर्णतया आश्रित बच्चे, माता-पिता, भाई-बहन से है, किन्तु कानूनी तौर पर अलग किए गए पति-पत्नी इसमें सम्मिलित नहीं है;

(छ) "सरकार" का आशय केन्द्र सरकार से है;

(ज) "सरकार के मार्गदर्शी सिद्धान्तों" का आशय सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों से होगा और उनमें सरकार के संकल्प संख्या एफ 4(26)/72/आइ आर दिनांक 19 जुलाई 1973 द्वारा गठित समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशें भी सम्मिलित होंगी जिन्हें सरकार ने अपने द्वारा समय-समय पर किए गए या किए जाने वाले संशोधनों एवं परिवर्तनों सहित स्वीकार किया हो;

(झ) "प्रबंध निदेशक" का आशय बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक से है;

(ञ) "अधिकारी" का आशय नियत तिथि से ठीक पूर्व कार्यरत बैंक अधिकारी और विनियम 4 में बताई गई किसी श्रेणी में नियुक्त या पदोन्नत या नियत किसी व्यक्ति से होगा और इसमें विनियम (2) के अन्तर्गत जिस कर्मचारी पर इनमें से कोई विनियम लागू किया गया हो अथवा विशेषज्ञ या तकनीकी व्यक्ति के रूप में नियत, नियुक्त या पदोन्नत व्यक्ति भी शाभिल होंगे;

(ट) "वेतन" का आशय गत्यावरोध वेतनवृद्धि सहित मूल वेतन से है;

(ठ) "संवेतन" का आशय वेतन और महंगाई भत्ते के योग से है;

(ड) "वर्ष" का आशय बारह मास की सतत् अवधि से है;

(ढ) "कैलेण्डर वर्ष" का आशय किसी वर्ष में जनवरी के पहले दिन से लेकर उसी वर्ष के दिसम्बर के इकतीसवें दिन तक की अवधि से है।

(d) "Competent Authority" means the authority designated for the purpose by the Board;

(e) "emoluments" means the aggregate of salary and allowances, if any;

(f) "family" means and includes the spouse of the officer (if the spouse is also not an employee of the Bank) and the children, parents, brothers and sisters of the officer wholly dependent on the officer but shall not include a legally separated spouse;

(g) "Government" means the Central Government;

(h) "Guidelines of the Government" shall mean such guidelines as may be issued by the Government and shall include the recommendations made in the Report of the Committee constituted by the Government's Resolution No.F.4 (26)/72/IR dated 19th July, 1973, as accepted by Government together with modifications or alterations thereof as may, from time to time, have been or be made by the Government;

(i) "Managing Director" means the Chairman and Managing Director of the Bank;

(j) "Officer" means a person fitted into or promoted to or appointed to any of the grades specified in Regulation 4 and any other person, who immediately prior to the appointed date, was an officer of the Bank, and shall also include any specialist or technical person as fitted or promoted or appointed and any other employee to whom any of these regulations has been made applicable under regulation 2;

(k) "pay" means basic pay including stagnation increment;

(l) "salary" means the aggregate of the pay and dearness allowance;

(m) "year" means a contineous period of twelve months;

(n) "calendar year" means the period commencing from the 1st day of January of a year and ending with 31st day of December of the same year.

अध्याय - II

पदों की श्रेणी एवं वर्गीकरण

श्रेणियां और वेतनमान

4. (1) 01.11.1987 को तथा उसके बाद, प्रत्येक श्रेणी के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान लागू होंगे :

(क)	उच्च कार्यपालक श्रेणी :	वेतनमान VII	रु.6400-150-7000
		वेतनमान VI	रु.5950-150-6550
(ख)	वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :	वेतनमान V	रु.5350-150-5950
		वेतनमान IV	रु.4520-130-4910-140-5050-150-5350
(ग)	मध्य प्रबंधन श्रेणी :	वेतनमान III	रु.4020-120-4260-130-4910
		वेतनमान II	रु.3060-120-4260-130-4390
(घ)	कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :	वेतनमान I	रु.2100-120-4020

4. (2) 01.07.1993 को तथा उसके बाद, प्रत्येक श्रेणी के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान लागू होंगे :

(क)	उच्च प्रबंधन श्रेणी :	वेतनमान VII	रु.12650-300-13250-350-13600-400-14000
		वेतनमान VI	रु.11450-300-12650
(ख)	वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :	वेतनमान V	रु.10450-250-11450
		वेतनमान IV	रु.8970-230-9200-250-10450
(ग)	मध्य प्रबंधन श्रेणी :	वेतनमान III	रु.8050-230-9200-250-9700
		वेतनमान II	रु.6210-230-8740
(घ)	कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :	वेतनमान I	रु.4250-230-4950-350-5290-230-8050

CHAPTER-II

Grade and Categorisation of Posts

Grades and Scales of pay

4. (1) On and from 1.11.1987, the scales of pay specified against each grade shall be as under :—

(a)	Top Executive Grade	Scale VII	Rs. 6400-150-7000
		Scale VI	Rs. 5950-150-6550
(b)	Senior Management Grade	Sclae V	Rs. 5350-150-5950
		Scale IV	Rs. 4520-130-4910-140-5050-150-5350
(c)	Middle Management Grade	Scale III	Rs. 4020-120-4260-130-4910
		Scale II	Rs. 3060-120-4260-130-4390
(d)	Junior Management Grade	Scale I	Rs. 2100-120-4020

4. (2) On and from 1.7.1993, the scales of pay specified against each grade shall be revised as under :

(a)	Top Executive Grade	Scale VII	Rs. 12650-300-13250-350-13600-400-14000
		Scale VI	Rs. 11450-300-12650
(b)	Senior Management Grade	Scale V	Rs. 10450-250-11450
		Scale IV	Rs. 8970-230-9200-250-10450
(c)	Middle Management Grade	Scale III	Rs. 8050-230-9200-250-9700
		Scale II	Rs. 6210-230-8740
(d)	Junior Management Grade	Scale I	Rs. 4250-230-4940-350-5290-230-8050

4. (3) उप विनियम (1) और (2) की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि बैंक के लिए हर समय इन सभी श्रेणियों में अधिकारी रखना अपेक्षित है।

(विनियम 4(i) के संबंध में सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांत अनुबंध-I में दिए गए हैं।)

वेतनवृद्धियां

5. (1) विनियम 4(2) के उपबंधों के अध्यधीन, दिनांक 01.11.1992 को या उसके बाद से, वेतनवृद्धियां निम्नलिखित उप खण्डों के अध्यधीन दी जाएंगी :

(क) विनियम 4 के उपवर्णित विभिन्न वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्यधीन वार्षिक आधार पर प्रोद्भूत होंगी और वे जिस महीने में देय होती हैं उस महीने की पहली तारीख को दी जाएंगी।

(ख) वेतनमान I तथा II अधिकारियों को, अपने संबंधित वेतनमानों के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष के पश्चात्, अगले उच्च वेतनमान में अवरोध वेतनवृद्धि (यों) सहित आगे की वेतनवृद्धियां केवल नीचे (ग) में निर्दिष्ट आधार पर सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार दी जाएंगी बशर्ते कि वे दक्षतारोध को पार पर लें।

(ग) ऊपर (ख) में उल्लिखित अधिकारियों सहित, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II तथा III के अधिकतम पर पहुंचने वाले अधिकारियो को, यथास्थिति, वेतनमान II तथा III के अंतिम प्रक्रम पर पहुंचने के पश्चात् प्रत्येक 3 वर्षो की सेवा पूरी होने पर अवरोध वेतनवृद्धि(यां) दी जाएगी/जाएंगी। वेतनमान के अंतिम प्रक्रम पर पहुंच चुके अधिकारियों के मामले में रु. 230/- की अधिक से अधिक दो वेतनवृद्धियां दी जाएंगी तथा वेतनमान III के अंतिम प्रक्रम के अधिकारियों के मामले में रु.250/- की एक वेतनवृद्धि दी जएगी।

परंतु 1.11.1994 और उसके बाद से, मूल वेतनमान III के अधिकारियों को अर्थात् जो वेतनमान III में भरती या पदोन्नत हुए हैं, दूसरी अवरोध वेतनवृद्धि पहली अवरोध वेतनवृद्धि पाने के तीन वर्ष पश्चात् प्रदान की जाएगी।

टिप्पणी : अगले उच्चतर वेतनमान में की गई ऐसी वेतनवृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा। ऐसी वेतनवृद्धियां पाने के पश्चात् भी

4. (3) Nothing in sub-regulations (1) and (2) shall be construed as requiring the Bank to have at all time, Officers serving in all these grades.

(The guidelines issued by the Government in terms of proviso to Regulation 4 (i) are given in Annexure-1)

Increments

5. (1) Subject to the provisions of Regulation 4 (2), on and from 1.11.1992, the increments shall be granted subject to the following sub-clauses :—

(a) The increments specified in the scales of pay set out in Regulation 4 shall, subject to the sanction of the Competent Authority, accure on an annual basis and shall be granted on the first day of the month in which these fall due.

(b) Officers in Scale I and Scale II, 1 year after reaching the maximum in their respective scales, shall be granted further increments including stagnation increment (s) in the next higher scale only as specified in (c) below subject to their crossing the efficiency bar as per guidelines of the Government.

(c) Officers including those referred to in (b) above who reach the maximum of the Middle Management Grade Scales II and III shall draw stagnation increment (s) for every three completed years of service after reaching the last stage of the Scale II or Scale III as the case may be subject to a maximum of two such increments of Rs. 230/- each for officers in the last stage of Scale II and one such increment of Rs. 250/- for officers in the last stage of Scale III.

Provided that on and from 1.11.1994 officers in substantive Scale III i.e. those who are recruited in or promoted to Scale III shall be eligible for second stagnation increment three years after having received the first stagnation increment.

Note : Grant of such increments in the next higher scale shall not amount to promotion. Officers even after

अधिकारी को, यथास्थिति, उसके अपने मूल पद के वेतनमान II तथा III के ही विशेषाधिकार, परिलब्धियां, ड्यूटी, उत्तरदायित्व अथवा पद मिलेंगे।

(2) नियत तारीख को या उसके पश्चात् भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट (सी ए आइ आइ बी) परीक्षा का प्रत्येक भाग उत्तीर्ण करने पर वेतनमान में एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी।

स्पष्टीकरण I :

जिस अधिकारी ने नियत तारीख से पहले अधिकारी के रूप में भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट (सी ए आइ आइ बी) परीक्षा का भाग I या भाग II उत्तीर्ण कर लिया हो, उसे नियत तारीख से, यथास्थिति, अतिरिक्त वेतनवृद्धि अथवा वेतनवृद्धियां दी जाएंगी बशर्ते कि उसने उक्त परीक्षा के दोनों भाग उत्तीर्ण करने पर कोई वेतनवृद्धि न ली हो अथवा केवल एक वेतनवृद्धि ली हो।

स्पष्टीकरण II :

(क) 01.11.1987 को तथा उसके बाद से वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने वाले अथवा पहुंच चुके ऐसे अधिकारियों को जो पदोन्नति पाए बिना और आगे नहीं जा सकते, सरकारी मार्गनिर्देशों के अधीन, यदि कोई हों, सी ए आइ आइ बी परीक्षा उत्तीर्ण करने के फलस्वरूप अतिरिक्त वेतनवृद्धियों के स्थान पर निम्नानुसार व्यावसायिक अर्हता भत्ता दिया जाएगा :

जिन्होंने सीएआइआइबी का केवल भाग 1 उत्तीर्ण किया है :	(i) एक वर्ष पश्चात् रु.100/- प्रति माह जिसमें से रु.75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।
जिन्होंने सीएआइआइबी के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं :	(i) एक वर्ष पश्चात् रु.100/- प्रति माह जिसमें से रु.75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।

receipt of such increments shall continue to get privileges, perquisites, duties, responsibilities or posts of their substantive Scale I or Scale II as the case may be.

(2) An additional increment shall be granted in the scale of pay for passing each part of Certified Associate of Indian Institute of Bankers Examination on or after the appointed date.

Explanation I :

In the case of an officer who has passed Part I or Part II of Certified Associate of Indian Institute of Bankers Examination as an officer before the appointed date, the additional increment, or increments as the case may be, shall be given effect to from the appointed date provided that he has not received any increment or received only one increment, for passing both parts of the said Examination.

Explanation II :

(a) On and from 1.11.1987 officers who reach or have reached the maximum in the pay scale and are unable to move further except by way of promotion shall subject to Government guidelines, if any, be granted Professional Qualification Allowance in lieu of additional increments in consideration of passing CAIIB Examination as under :—

Those who have passed only Part I of CAIIB :	(i) Rs. 100/- p.m. after one year of which Rs. 75/- shall rank for superannuation benefits.
Those who have passed both Parts of CAIIB :	(i) Rs. 100/- p.m. after one year, of which Rs. 75/- shall rank for superannuation benefits.

(ii) दो वर्ष पश्चात् रु.250/- प्रति माह जिसमें से रु.200/ अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे ।

(ख) 01.11.1994 को तथा उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता भत्ते की मात्रा निम्नानुसार पुनरीक्षित रहेंगी :

जिन्होंने सी ए आइ आइ बी का केवल भाग 1 उत्तीर्ण किया है	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर एक वर्ष पश्चात् रु.120/- प्रति माह ।
जिन्होंने सी ए आइ आइ बी के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर एक वर्ष पश्चात् रु.120/- प्रति माह । (ii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर दो वर्ष पश्चात् रु.300/- प्रति माह ।

परंतु विनियम 5 (3) (ख) के अनुसार नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त करने के पात्र अधिकारी, यथास्थिति, क्रमशः भाग I या II के लिए व्यावसायिक अर्हता भत्ता पाने के एक/दो वर्ष पश्चात् प्राप्त कर सकेंगे ।

टिप्पणी :

(i) यदि किसी ऐसे अधिकारी को जिसे व्यावसायिक अर्हता भत्ता मिल रहा है, अगले उच्चतर वेतनमान में पदोन्नत किया जाता है तो ऐसे उच्चतर वेतनमान में उसका वेतन निर्धारित करते समय उसे वेतनमान में उपलब्ध वेतनवृद्धियों की सीमा तक, सी ए आइ आइ बी की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अतिरिक्त वेतनवृद्धियां दी जाएंगी और यदि वेतनमान में कोई भी वेतनवृद्धियां उपलब्ध नहीं हैं अथवा केवल एक वेतनवृद्धि उपलब्ध है तो अधिकारी वेतनवृद्धि (यों) के एवज में व्यावसायिक अर्हता भत्ता पाने का पात्र होगा ।

(ii) Rs. 250/- p.m. after two years, of which Rs. 200/- shall rank for superannuation benefits.

(b) On and from 1.11.1994, other things being equal, the quantum of Professional Qualification Allowance shall stand revised as under :—

Those who have passed only Part I of CAIIB	: i)	Rs. 120/- p.m. after one year on reaching top of the scale.
Those who have passed both parts of CAIIB	: i)	Rs. 120/- p.m. after one year on reaching top of the scale.
	ii)	Rs. 300/- p.m. after two years on reaching top of the scale.

Provided that officers who are eligible to draw Fixed Personal Allowance in terms of Regulation 5 (3) (b) shall draw Professional Qualification Allowance one year/two years after receipt of such Fixed Personal Allowance respectively for Part I and II as the case may be.

Note :

(i) If an officer who is in receipt of Professional Qualification Allowance is promoted to next higher scale, he shall be granted, on fitment into such higher scale, additional increment (s) for passing CAIIB to the extent increments are available in the scale and if no increments are available in the scale or only one increment is available in the scale, the officer shall be eligible for Professional Qualification Allowance in lieu of increment (s).

(ii) 01.11.1994 को तथा उसके बाद से परिशेधित व्यावसायिक अर्हता भत्ते को मंहगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा अधिवर्षिता लाभों के लिए गिना जाएगा।

3. (क) जो अधिकारी 01.11.1993 को बैंक की स्थायी सेवा में हैं उन्हें वेतनमान में एक अग्रिम वेतनवृद्धि दी जाएगी। जो अधिकारी 01.11.1993 को परिवीक्षा पर हैं उन्हें एक अग्रिम वेतनवृद्धि स्थायीकरण के एक वर्ष पश्चात् दी जाएगी।

टिप्पणी : अग्रिम वेतनवृद्धि के कारण वार्षिक वेतनवृद्धि की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(ख) जो अधिकारी वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच चुके हैं या जो 01.11.1993 को अवरोध वेतनवृद्धि (यां) प्राप्त कर चुके हैं वे 01.11.1993 से नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त कर सकेंगे, जो अंतिम आहरित वेतनवृद्धि और उस पर 01.11.1993 को देय महंगाई भत्ता, तथा विनियम 22 के अनुसार लागू दरों पर मकान किराया भत्ते की मात्रा के बराबर होगा। यहां नीचे दिया गया नियत वैयक्तिक भत्ता तथा साथ ही साथ महंगाई भत्ता, यदि कोई हो, संपूर्ण सेवा अवधि के लिए अवरुद्ध कर दिया जाएगा।

वेतनवृद्धि घटक	01.11.1993 को महंगाई भत्ता	जहां बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है वहां देय कुल नियत वैयक्तिक भत्ता
(क)	(ख)	(ग)
रु.	रु.	रु.
230	5.79	236
250	6.30	257
300	7.56	308
400	10.08	411

टिप्पणी : (i) ऊपर (सी) में निर्दिष्ट नियत वैयक्तिक भत्ता उन अधिकारी कर्मचारियों को देय होगा जिन्हें बैंक को आवास उपलब्ध कराया गया है।

(ii) On and from 1.1.1994 revised Professional Qualification Allowance shall rank for Dearness Allowance, House Rent Allowance and Superannuation Benefits.

3. (a) All officers who are in the bank's permanent service as on 1st November, 1993 will get one advance increment in the scale of pay. Officers who are on probation on 1st November, 1993 will get one advance increment one year after confirmation.

Note : There shall be no change in the date of annual increment because of advance increment.

(b) An officer who is at the maximum of the scale or who is in receipt of stagnation increment (s) as on 1st November, 1993, will draw a Fixed Personal Allowance from 1st November, 1993 which shall be equivalent to an amount of last increment drawn plus dearness allowance payable thereon as on 1st November, 1993, plus house rent allowance, at such rates as applicable in terms of Regulation 22. The Fixed Personal Allowance given hereunder together with House Rent Allowance, if any, shall remain frozen for the entire period of service :

Increment Component	DA as on 1.11.1993	Total F.P.A. payable where bank's accommodation is provided
(A)	(B)	(C)
Rs.	Rs.	Rs.
230	5.79	236
250	6.30	257
300	7.56	308
400	10.08	411

Note : i) F.P.A. as indicated in (C) above shall be payable to those officer employees who are provided with bank's accommodation.

(ii) मकान किराया भत्ते के लिए पात्र अधिकारियों को नियत वैयक्तिक भत्ता, विनियम 4 के उप विनियम (2) में निर्दिष्टानुसार संबंधित वेतनमान की अंतिम वेतनवृद्धि प्राप्त कर लेने पर, (क) + (ख) + संबद्ध अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आहरित मकान किराया भत्ता होगा।

(iii) नियत वैयक्तिक भत्ता पाने वाले वर्ष में देय व्यावसायिक अर्हता भत्ता, यदि कोई हो, अगले वर्ष दिया जाएगा।

(iv) नियत वैयक्तिक भत्ते के वेतनवृद्धि घटक को अधिवर्षिता लाभों के लिए गिना जाएगा।

(ग) जिस अधिकारी को यह अग्रिम वेतनवृद्धि मिल चुकी है, उसे ऊपर (ख) में उल्लिखित नियत वैयक्तिक भत्ते की प्रमात्रा, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् प्राप्त होगी।

(विनियम 25 के संबंध में सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांत अनुबंध II में दिए गए हैं।)

वर्गीकरण

6. (1) विनिमय 4 में उल्लिखित श्रेणी या वेतनमानों में आनेवाले बैंक अधिकारियों के प्रत्येक पद का वर्गीकरण प्रयोग किए जाने वाले दायित्वों एवं कार्यों के महत्व के अनुरूप मंडल अथवा मंडल द्वारा इस हेतु निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा और ऐसे वर्गीकरण की समीक्षा भी मंडल अथवा उक्त प्राधिकारी द्वारा की जा सकेगी। परन्तु नियत तिथि को विद्यमान पदों का वर्गीकरण उस तिथि से दो वर्ष की अवधि की समाप्ति से पहले सरकार के मार्गदर्शी सिद्धान्तों के, यदि कोई हो, अनुसार किया जाएगा तथा उच्च कार्यपालक एवं वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी के पदों का वर्गीकरण प्रबंध निदेशक और सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किन्हीं अन्य व्यक्तियों की समिति द्वारा किया जाएगा।

(2) उपविनियम (1) के अंतर्गत पदों के वर्गीकरण के लिए बैंक की प्रत्येक शाखा का वर्गीकरण सरकार द्वारा अनुमोदित मानदण्ड के आधार पर छोटी, मध्यम, बड़ी, काफी बड़ी या अत्यधिक बड़ी शाखा के रूप में बैंक द्वारा किया जाएगा।

(विनियम 6 के परंतुक की शर्तों के अनुसार सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्त अनुबंध-3 में दिए गए हैं)

ii) F.P.A. for officers eligible for House Rent Allowance shall be (A) + (B) + House Rent Allowance drawn by the concerned officer employees when the last increment of the relevant scale of pay as specified in sub-regulation (2) of Regulation 4 is earned.

(iii) Professional Qualification Allowance, if any, payable in the year of receipt of F.P.A. shall stand shifted to next year.

(iv) The increment component of Fixed Personal Allowance shall rank for superannuation benefits.

(c) An officer who has earned this advance increment shall draw the quantum of Fixed Personal Allowance as mentioned in (b) above, one year after reaching the maximum of the scale.

(The guidelines issued by the Government in terms of proviso to Regulation 5 are given in Annexure 2)

Categorisation

6. (1) Having regard to the responsibilities and functions exercisable, every post of an officer in the Bank shall be categorised by the Board or any authority specified by the Board in this behalf as falling in any one of the grades or scales mentioned in regulation 4 and such categorisation may be reviewed by the Board or such authority.

Provided that the categorisation of the posts in existence on the appointed date shall be done before the expiry of two years from that date in accordance with guidelines of the Government, if any, and shall in respect of the posts in the senior management and top executive grades be done by a committee of the Managing Director and such other persons as may be appointed by the Government for the purpose.

(2) For the purposes of categorisation of posts under Sub-regulation(1), every branch of the Bank shall be classified by the Bank, in accordance with criteria to be approved by the Government as small, medium, large, very large or exceptionally large category.

(The guidelines issued by the Government in terms of Proviso to Regulation 6 are given in Annexure 3)

अध्याय-III

नई श्रेणी वेतनमान में विद्यमान और पदोन्नत अधिकारियों का नियतन–

नियत तिथि को पदों का वर्गीकरण

7. विनियम 6 के प्रावधानों के अधीन नियत तिथि को बैंक में अधिकारियों के विभिन्न पदों का वर्गीकरण निम्नलिखित तालिका में किए गए उल्लेख के अनुसार किया जाएगा-

तालिका

पद	जिस श्रेणी में रखा गया है
महाप्रबंधकगण	उच्च कार्यपालक श्रेणी वेतनमान VII
उप महाप्रबंधकगण	उच्च कार्यपालक श्रेणी वेतनमान VI
सहायक महाप्रबंधकगण	वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान V
श्रेणी 'ए'	वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान IV
श्रेणी 'बी'	मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान III
श्रेणी 'सी'	मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II
श्रेणी 'डी'	कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान I

परन्तु उपर्युक्त वर्गीकरण से कोई कठिनाई या विसंगति उत्पन्न होने पर इसे ऐसी समिति के पास निर्णय के लिए भेजा जाएगा जिसमें प्रबंध निदेशक और सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ नियुक्त अन्य व्यक्ति शामिल हों।

वेतनमानों में नियतन

8. (1) विनियम 7 के नीचे वर्णित तालिका के कालम 1 में उल्लिखित किसी पद पर नियत तिथि से ठीक पूर्व रहनेवाले ऐसे प्रत्येक बैंक अधिकारी का, जिसके पद का वर्गीकरण कालम 2 में

CHAPTER-III

Fitment of Existing Officers and Promotees in the new grades and scales of pay—

Categorisation on the appointed date

7. Subject to the provisions of Regulation 6, the various posts of officers in the Bank on the appointed date shall be categorised as specified in the Table below :-

TABLE

Posts	Grade in which placed
General Managers	Top Executive Grade Scale VII
Deputy General Managers	Top Executive Grade Scale VI
Assistant General Managers	Senior Management Grade Scale V
Grade "A"	Senior Management Grade Scale IV
Grade "B"	Middle Management Grade Scale III
Grade"C"	Middle Management Grade Scale II
Grade "D"	Junior Management Grade Scale I

Provided that any difficulties and anomalies arising out of the above categorisation shall be referred to a Committee consisting of the Managing Director and such other persons as may be appointed by the Government for this purpose for its decision.

Fitment in the scales of pay

8. (1) Every officer of the Bank who immediately before the appointed date holds a post specified in column 1 of the Table below Regulation 7 and whose post has been categorised in the grade specified in column 2 thereof; shall be fitted in the scale of pay

उल्लिखित श्रेणी में किया गया है, नियतन उस श्रेणी के लिए लागू वेतनमान में इस प्रकार किया जाएगा कि उस श्रेणी में उसके संवेतन का संबंध सरकार के मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार नियत तिथि से ठीक पूर्व उसे देय कुल वेतन और महँगाई भत्ते से बना रहे।

(2) उप-विनियम (3) के अधीन रहते हुए नए वेतनमान में इस प्रकार नियत अधिकारी प्रतिकूल रूप से सूचित किए जाने तक ऐसे नए वेतनमान में अगली वेतनवृद्धि, यदि कोई हो, उस तिथि को प्राप्त कर सकेगा जिस तिथि को वह नियत तिथि से ठीक पूर्व वेतनवृद्धि पाने का पात्र था।

(3) यदि नियत तिथि से ठीक पूर्व वेतनमान के आधार पर विभिन्न वरिष्ठता वाले दो या दो से अधिक अधिकारियों को नए वेतनमान में एक ही स्तर पर नियत कियां गया हो तो नए वेतनमान में अगली वेतनवृद्धि के लिए ऐसे अधिकारियों की पात्रता की अलग-अलग तिथियां निश्चित की जा सकती हैं।

(4) यदि नियतन की उपर्युक्त प्रक्रिया के अनुसार अधिकारियों का नियतन प्रधान कार्यालय अथवा फिल्ड अथवा महानगरीय क्षेत्र अथवा अन्य किसी क्षेत्र में कार्यरत होने के आधार पर दो विभिन्न वेतनमानों में किया जाना है, तो केवल यह तथ्य कि नियत तिथि को वे किसी विशेष स्थान पर कार्यरत थे, उन्हें इस योग्य नहीं बनाता कि वे किसी विशेष श्रेणी में ही नियत किए जाएं तथा उनकी पारस्परिक वरिष्ठता को समुचित महत्व देते हुए यथोचित श्रेणी में उनका नियतन करने के लिए उनके अवस्थापन में बैंक द्वारा आवश्यक परिवर्तन किया जा सकता है।

उप-विनियम (1) का स्पष्टीकरण

वर्तमान सेवा- नियम के अधीन यदि किसी बैंक में महंगाई भत्ते के निर्धारण के लिए अधिकतम वेतन 641/- रुपये से कम है तो नए वेतनमान में नियतन के उद्देश्य से उसे 641/- रु. मान लिया जाएगा।

(विनियम 8(1) की शर्तों के अनुसार सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्त अनुबंध-4 में दिए गए हैं)

applicable to that grade in such a manner that his salary in that scale shall have relation with the aggregate pay plus dearness allowance payable to him immediately before the appointed date in accordance with the guidelines of the Government.

(2) Subject to sub-regulation (3) on being so fitted in the new scale of pay such officer shall be eligible to draw the next increment, if any, in such new scale on the date on which he would have been eligible to draw an increment immediately prior to the appointed date unless intimated to the contrary.

(3) Where two or more officers of different seniorities in the scales of pay immediately prior to the appointed date are fitted at the same stage in the new scale of pay, different dates may be fixed for the eligibility of such officers for the next increment in the new scale of pay.

(4) Where in the course of aforesaid scheme of fitment, officers have to be fitted in two different scales depending on whether they are located in the Head Office or in the field or metropolitan areas or other areas, the mere fact that on the appointed date they happen to be posted at a particular place or office shall not by itself entitle them to a fitment in a particular grade and the Bank may make suitable changes in placements so as to fit them in an appropriate grade, having due regard to their inter se seniority.

Explanation to sub-regulation (1)

Where in any bank the maximum pay ranking for dearness allowance under the existing rule of service is less than Rs. 641/-, for the purposes of fitment in the new scale of pay the same shall be assumed to be Rs. 641/-.

(The guidelines issued by the Government in terms of Regulation 8 (1) are given in Annexure-4.)

समायोजन भत्ता

9. यदि विनियम 8 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार किसी अधिकारी का नए वेतनमान की अधिकतम सीमा में नियतन किया गया है और फिर भी उसका संवेतन नियतन से ठीक पूर्व उसे देय वेतन और महंगाई भत्ते एवं संबंधित श्रेणी में उसके नियतन की दृष्टि से विचारणीय किसी वेतन वृद्धि से कम हो, तो उच्चतर वेतनमान में उसकी पदोन्नति होने तक यह अंतर उसे समायोजन भत्ते के रूप में दिया जाएगा। यदि इस पदोन्नति के बाद भी संवेतन पदोन्नति से ठीक पहले उसे देय संवेतन और समायोजन भत्ते के योग से कम हो, तो यह अंतर उसे समायोजन भत्ते के रूप में ही मिलता रहेगा। परन्तु पदोन्नति के पश्चात् देय समायोजन भत्ते का समावेश भविष्य की वेतनवृद्धियों में प्रत्येक वेतनवृद्धि के 33-1/3 प्रतिशत तक अथवा ऐसी वेतनवृद्धि से हुई संवेतन में वृद्धि के 33-1/3 प्रतिशत तक, इनमें से जो भी कम हो, किया जाएगा।

वैयक्तिक भत्ता

10. (1) यदि विनियम 8 निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार नए वेतनमान में नियतन के बाद किसी अधिकारी को इन विनियमों के अधीन देय संवेतन और भत्ते, यदि कोई हो, नियतन से ठीक पूर्व उसे देय वेतन और निम्नलिखित स्पष्टीकरण के अनुसार निर्धारित भत्तों के कुल योग से कम हो तो यह अंतर उसे वैयक्तिक भत्ते के रूप में दिया जाएगा जिसका समावेश भविष्य की वेतनवृद्धियों में प्रत्येक वेतनवृद्धि के 33-1/3 प्रतिशत तक अथवा ऐसी वेतनवृद्धि के फलस्वरूप संवेतन में हुई वृद्धि के 33-1/3 प्रतिशत तक, इनमें से जो भी कम हो, किया जाएगा।

इस विनियम के अनुसार नियतन से पूर्व देय भत्ते इस प्रकार हैं :

(I) मकान किराया भत्ता, जहाँ देय हो;

(II) वैयक्तिक भत्ता;

Adjustment allowance

9. If the pay of an officer after fitment in the new scale of pay in the manner referred to in regulation 8 is at the maximum of that scale and even then the salary of such officer is lower than the aggregate of pay and dearness allowance payable to him immediately before such fitment, together with additional increment if any, that may be taken into account for fitment of an officer in the category to which he belongs, the difference shall be paid to him by way of adjustment allowance till such time as he is promoted to a higher scale. If salary on such promotion is still less than the aggregate of salary and adjustment allowance payable to him immediately before such promotion, the difference shall continue to be paid to him as adjustment allowance; so, however, the adjustment allowance payable after such promotion shall be absorbed in the future increments to the extent of 33-1/3% of each such increment, or of 33-1/3% of increase in salary as a consequence of such increment, whichever is lower.

Personal allowance

10. (1) If the salary and allowances, if any, payable under these regulations to an officer after fitment in the new scale of pay in the manner referred to in regulation 8 is lower than the aggregate of pay and such allowances as are set out in the explanation to this regulation and were payable to him immediately before such fitment, the difference shall be paid to him as personal allowance which shall be absorbed in the future increments to the extent of 33-1/3% of each such increment or of 33-1/3% of the increase in the salary as a consequence of such increment, whichever is lower.

Explanation—

The allowances referred to in this regulation payable before fitment are the following :-

i) House Rent Allowance, wherever payable;

ii) Personal Allowance;

(III) स्थानांतरण भत्ता;

(IV) श्रेणी 'एं' के अधिकारियों को प्रतिपूरक महंगाई भत्ता;

(V) विशेष भत्ता।

टिप्पणी मकान किराया भत्ते का, जहां देय हो, आशय है :-

(क) जहां ऐसे नियतन से ठीक पूर्व अधिकारी को मकान किराया भत्ता देय था ऐसे भत्ते की रकम; या

(ख) यदि ऐसे नियतन से ठीक पूर्व लागू सेवा नियमों के अनुसार किसी अधिकारी को निःशुल्क आवास सुविधा दी गई थी, या प्रतिपूर्ति के आधार पर किराए पर आवास लेने की अनुज्ञा दी गई थी, तो इन नियमों के अंतर्गत मकान किराये भत्ते के रूप में दिया जानेवाला भत्ता या नये वेतनमान में नियत वेतन का 10 प्रतिशत, इनमें से जो भी अधिक हो।

परंतु यदि विनियम 22 की शर्तों के अनुसार कोई अधिकारी मकान किराया भत्ता प्राप्त करने का पात्र हो तो उपर्युक्त खंड (क) और (ख) के अधीन उसे देय वैयक्तिक भत्ते की राशि का, यदि कोई हो, मकान किराए भत्ते में मुजरा कर दिया जाएगा और ऐसे मुजरे के बाद बचा अंतर ही, यदि कोई हो, उसे देय होगा।

फर्नीचर के लिए किराये की राशि नये मूल वेतन के 2-1/2% की दर से वैयक्तिक भत्ते के भुगतान के लिए संरक्षित की जाए।

(2) उपर्युक्त उपविनियम 1 में उल्लिखित वैयक्तिक भत्ते की गणना करते समय नगर प्रतिपूरक भत्ते के अतिरिक्त उपयुक्त स्पष्टीकरण में यथाउल्लिखित अन्य किसी ऐसे भत्ते को सम्मिलित नहीं किया जाएगा जो नए वेतनमान में अधिकारी के नियतन के पूर्व उस पर लागू नियमों के अधीन किसी समय बंद हो चुका हो।

भावी वेतनवृद्धियों और बढोतरियों में समावेश

11. विनियम 9 व 10 में उल्लिखित भत्तों के समावेश के उद्देश्य से उसमें उल्लिखित 33-1/3 प्रतिशत की सीसा आवश्यकता पड़ने

iii) Transfer Allowance;

iv) Compensatory Dearness Allowance to officers in Grade 'A';

v) Special Allowance.

Note : The house rent allowance, wherever payable shall mean :-

(a) Where a house rent allowance was payable to the officer immediately before such fitment, the amount of such allowance; or

(b) Where immediately before such fitment in accordance with rules of service then applicable, an officer had been provided with a rent-free accommodation or allowed to hire accommodation on reimbursement basis, such allowance only as would have been payable to him under these rules as house rent allowance or 10% of pay on fitment in the new scale of pay, whichever is higher.

Provided that where an officer is eligible for house rent allowance in terms of regulation 22, the amount of personal allowance, if any, payable to him under clause(a) or (b) above shall be set off against such house rent allowance and difference, if any, after such set off shall alone be payable to him.

The amount of rent on account of furniture @ $2^1/_2$% of the new basic pay be protected for the payment of Personal Allowance.

(2) For the purpose of computation of the personal allowance provided in sub-regulation 1 above, such of the foregoing allowances excluding city compensatory allowance as mentioned in the explanation above would have ceased at any time to be payable to the officer under the rules applicable to him before fitment in the new scale shall be excluded.

Absorption against future increments and increases

11. For the purpose of absorbing the allowances mentioned in regulations 9 and 10, the 33-1/3%

पर पहले समायोजन भत्ते और बाद में वैयक्तिक भत्ते का समावेश करने के लिए लागू की जाएगी।

विद्यमान अधिकारियों के लिए विकल्प

12. (1) इन विनियमों में निहित किसी तथ्य के होते हुए भी नियत तिथि से ठीक पूर्व बैंक में सेवारत प्रत्येक अधिकारी को इस तिथि के पश्चात् भी नियत तिथि से ठीक पूर्व उस पर लागू वेतनमान में रहने का विकल्प होगा, परंतु उसे इसकी सूचना नए वेतनमान में उसके नियतन की जानकारी प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर बैंक को देनी होगी।

परंतु यह विकल्प केवल विनियम 7 के अनुसार नियत तिथि से ठीक पूर्व उसके वेतनमान के समकक्ष वेतनमान से उच्चतर विनियम 4 में निर्दिष्ट वेतनमानों में से किसी वेतनमान में अधिकारी की पदोन्नति तक लागू रहेगा।

(2) उप-विनियम (3) में किए गए प्रावधान के अतिरिक्त, जहाँ किसी अधिकारी ने ऐसे विकल्प का प्रयोग किया हो तो वह नियत तिथि से ठीक पूर्व बैंक की सेवा मे अपनी पात्रता के अनुसार वेतन एवं भत्ते प्राप्त करता रहेगा।

परंतु किसी भी स्थिति में अधिकारी ऐसी हकदारी के अधीन अनुलाभ प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा और केवल ऐसे अनुलाभ प्राप्त करने का हकदार होगा जो इन विनियमों के अधीन उसे स्वीकार्य है।

(3) कोई भी अधिकारी जिसने उप-विनियम (1) में उल्लिखित विकल्प का प्रयोग किया हो एवं उप-विनियम (2) के अनुसार नियत तिथि से ठीक पूर्व बैंक की सेवा में अपनी पात्रता के अनुसार वेतन एवं भत्ते प्राप्त करता रहा हो, उसे 1.2.1984 से इन विनियमों के अधीन लागू होनेवाले वेतन एवं भत्ते के लिए विकल्प देने की अनुमति दी जाएगी। इस प्रकार के विकल्प का प्रयोग करने पर उसका नियतन नियत तिथि को सैद्धान्तिक रूप से नए वेतनमान में विनियम 8 में उल्लिखित तरीके से किया जाएगा और उसे ऐसी वेतनवृद्धि देने के पश्चात् जिसे वह इन

referred to therein shall be applied firstly for absorbing the adjustment allowance, if so necessary, and then the personal allowance.

Option for existing Officers

12. (1) Notwithstanding anything contained in these regulations, an officer in the service of the Bank immediately before the appointed date shall have the option to continue even after that date in the scale of pay applicable to him immediately before the appointed date by communicating to the Bank within 30 days of the receipt of the intimation regarding his fitment in the new scale of pay.

Provided that such option shall continue to have effect only till the officer is promoted to a scale in the scales of pay set out in Regulation 4 higher than the scale of pay to which the scale of pay under his entitlement immediately before the appointed date corresponds in accordance with Regulation 7.

(2) Save as provided in sub-regulation (3) where an officer has exercised such option, he shall continue to draw pay and allowances according to his entitlement in the service of the Bank immediately prior to the appointed date.

Provided that in any case the officer shall not be eligible for the perquisites under such entitlement but shall be entitled only to such perquisites as are admissible to him under these regulations.

(3) Any officer who has exercised option referred to in sub-regulation (1) and continues to draw pay and allowances according to his entitlement in the service of the Bank immediately prior to the appointed date, in terms of sub-regulation(2) shall be allowed to opt for pay and allowances as applicable under these regulations on and from 1.2.1984. On exercising such option, he will be fitted notionally on the appointed date into the new scale of pay in the manner referred to in Regulation

विनियमों के अधीन 31.1.1984 तक प्राप्त करता, सरकार द्वारा इसके अधीन जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार 1.2.1984 को उसका नियतन विनियम 4(1) में निर्धारित वेतनमान में किया जाएगा।

परंतु यदि उपर्युक्त तरीके से नियतन के बाद इन विनियमों के अधीन अधिकारी का कुल योग ऐसे नियतन के पूर्व 31.1.1984 को उसे देय वेतन एवं भत्ते के कुल योग से कम है तो उस अंतर को उसे वैयक्तिक भत्ते के रूप में प्रदान किया जाएगा जिसे भावी वेतनवृद्धियों में ऐसी प्रत्येक वेतनवृद्धि के 33-$^{1}/_{3}$% तक या ऐसी वेतनवृद्धि के परिणामस्वरूप संवेतन में हुई 33-$^{1}/_{3}$% की वृद्धि तक, इनमें से जो भी कम हो, समाविष्ट किया जाएगा।

नियतन के विरुद्ध अपील

13. (1) नये वेतनमान में नियतन से प्रभावित कोई अधिकारी मंडल द्वारा इस उद्देश्य के लिए बनाई गई समिति के समक्ष अपील कर सकता है।

(2) यह अपील उसे नये वेतनमान में नियतन की जानकारी प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर प्रस्तुत करनी होगी।

(3) समिति संबंधित अधिकारी को मामले में अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर देने के पश्चात् जैसा उचित समझे, निर्णय कर सकती है;
परन्तु बोर्ड स्वेच्छा से अपने किसी निर्णय को पुनरीक्षित कर सकता है और यदि वह अपने किसी निर्णय का पुनरीक्षण करता है तो उसे संबंधित अधिकारी को अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का अवसर देना होगा।

8 and after granting him the increments he would have received in terms of these regulations upto 31/1/1984, he shall be fitted in the scale of pay set out in Regulation 4(1) as on 1.2.1984 in accordance with guidelines of the Government issued thereunder.

Provided that if aggregate of pay and allowances payable under these regulations to the officer after fitment as above is lower than the aggregate of pay and allowances that were payable to him as on 31.1.1984 before such fitment, the difference shall be paid to him as a Personal Allowance which shall be absorbed in the future increments to the extent of 33-1/3% of each such increment or 33-1/3% of the increase in the salary as a consequence of such increment whichever is lower.

Appeal against fitment

13. (1) Any officer aggrieved by a fitment accorded to him in the new scales of pay, may prefer an appeal to the Committee constituted by the Board for this purpose.

(2) Such appeal shall be preferred within 30 days of the receipt of the communication of the fitment accorded to him.

(3) The Committee may after giving an opportunity to the officer concerned to make his representation in the matter make such decision as it thinks fit;

Provided that the Board may of its own motion review any such decision and where it reveiws any such decision, it shall give an opportunity to the officer concerned to make his representation in the matter.

अध्याय-IV

नियुक्तियाँ, परिवीक्षा, स्थायीकरण, पदोन्नति, वरिष्ठता तथा सेवा-समाप्ति

नियुक्तियां

14. अधिकारी श्रेणी के लिए सभी नियुक्तियाँ और पदोन्नतियाँ सक्षम प्राधिकारी द्वारा सरकार के मार्गदर्शी सिद्धान्तों के, यदि कोई हो, अनुसार की जाएंगी।

(विनियम 14 की शर्तों के अनुसार सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्त अनुबंध-5 में दिए गए हैं)

परिवीक्षा

15. (1) कनिष्ठ प्रबन्धन श्रेणी में सीधे नियुक्त अधिकारी दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेगा।

(2) कनिष्ठ प्रबन्धन श्रेणी में पदोन्नत बैंक का कोई कर्मचारी एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेगा।

(3) अन्य किसी श्रेणी में नियुक्त अधिकारी, बैंक द्वारा निर्धारित अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेगा।

परंतु सक्षम प्राधिकारी किसी अधिकारी के मामले में परिवीक्षा की अवधि को घटा सकता है या समाप्त कर सकता है।

स्थायीकरण

16. (1) यदि सक्षम प्राधिकारी के मतानुसार किसी अधिकारी ने किसी ऐसे संस्थान में, जिसमें उसे प्रशिक्षण हेतु प्रतिनियुक्त किया गया हो, प्रशिक्षण और बैंक में अन्तर-सेवा प्रशिक्षण सन्तोषजनक रूप से पूरा किया हो तो उसे बैंक-सेवा में स्थायी किया जाएगा।

परंतु कनिष्ठ प्रबन्धन श्रेणी में सीधे नियुक्त किसी अधिकारी से अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में एक परीक्षा उत्तीर्ण करने की अपेक्षा की जा सकती है।

(2) यदि सक्षम प्राधिकारी के मत में अधिकारी ने उपविनियम (1) में निर्दिष्ट कोई अथवा दोनों प्रशिक्षण सन्तोषप्रद ढंग से पूर्ण नहीं किया है और उसमें निर्दिष्ट परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, तो अधिकारी की परिवीक्षा अवधि अधिकतम एक वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है।

CHAPTER-IV

Appointment, Probation, Confirmation, Promotion, Seniority and Termination.

Appointments

14. All appointments in and promotions to the officer grade shall be made by the competent authority in the light of the guidelines of the Government, if any :

(The guidelines issued by the Government in terms of Regulation 14 are give in Annexure-5.)

Probation

15. (1) An officer directly appointed to the junior management grade shall be on probation for a period of two years.

(2) An employee of the Bank promoted as an officer in the junior management grade shall be on probation for one year.

(3) An officer appointed to any other grade shall be on probation for such period as may be decided by the Bank.

Provided that the competent authority may, in the case of any officer, reduce the period of probation or dispense with probation.

Confirmation

16. (1) An officer shall be confirmed in the service of the Bank if, in the opinion of the competent authority, the officer has satisfactorily completed the training in any institution to which the officer may have been deputed for training, and the in-service training in the Bank;

Provided, that an officer directly recruited to the junior management grade may be required also to pass a test in a language other than his mother tongue.

(2) If in the opinion of the competent authority an officer has not satisfactorily completed either or both the trainings referred to in sub-regulation (1) or if the officer has not passed the test referred to therein, the officer's probation may be extended by a further period not exceeding one year.

(3) यदि बढ़ाई गई परिवीक्षा अवधि, यदि कोई हो, सहित परिवीक्षा अवधि में सक्षम प्राधिकारी का मत है कि उक्त अधिकारी स्थायीकरण के योग्य नहीं है, तो-

(क) सीधी नियुक्ति के मामले में एक मास की सूचना देकर या उसके बदले एक मास की परिलब्धियों का भुगतान कर उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है; और

(ख) बैंक सेवा में रहते हुए पदोन्नति पाए अधिकारी के मामले में उसे पूर्व की ऐसी श्रेणी या संवर्ग में पदावनत किया जा सकता है जिससे वह पदोन्नत हुआ हो।

पदोन्नतियां

17. (1) अधिकारी पद की सभी श्रेणियों में, समय-समय पर मण्डल द्वारा निर्धारित नीति के आधार पर पदोन्नतियाँ की जाएंगी, जिसमें सरकार के मार्गदर्शी सिद्धान्तों को, यदि कोई हों, समुचित महत्व दिया जाएगा।

(2) किसी प्रकार की भ्रान्ति न हो, इसके लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि यह विनियम कनिष्ठ प्रबन्धन श्रेणी में कर्मचारी के किसी भी वर्ग की पदोन्नति के मामले में लागू होगा।

(विनियम 17 के परंतुक की शर्तों के अनुसार सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धांत अनुबंध-6 में गए हैं)

वरिष्ठता

18. (1) बैंक प्रति वर्ष वरिष्ठता के आधार पर अखिल भारतीय स्तर पर सेवारत अधिकारियों की सूची तैयार करेगा जिसमें बैंक द्वारा निर्धारित अन्य विवरणों का भी उल्लेख होगा। इस सूची की एक प्रति बैंक की प्रत्येक शाखा/कार्यालय में रखी जाएगी।

(2) किसी श्रेणी अथवा वेतनमान में अधिकारी की वरिष्ठता का निर्धारण उस श्रेणी अथवा वेतनमान में उसकी नियुक्ति की तारीख के आधार पर किया जाएगा। यदि एक ही श्रेणी या वेतनमान में दो या दो से अधिक अधिकारियों की समान सेवावधि हुई हो तो उनकी आपसी वरिष्ठता का निधरिण बैंक-सेवा में ठीक पूर्ववर्ती श्रेणी अथवा वेतनमान या पिछले संवर्ग में उनकी वरिष्ठता के आधार पर किया जाएगा। यदि दो या दो से अधिक अधिकारियों की सेवावधि उनकी ठीक पूर्ववर्ती श्रेणी

(3) Where during the period of probation, including the period of extension, if any, the competent authority is of the opinion that the officer is not fit for confirmation—

(a) in the case of a direct appointee, his services may be terminated by one month's notice or payment of one month's emoluments in lieu thereof; and

(b) in the case of a promotee from the Bank's services, he may be reverted to the grade or cadre from which he was promoted.

Promotions

17. (1) Promotions to all grades of officers in the Bank shall be made in accordance with policy laid down by the Board from time to time having regard to the guidelines of the Government, if any.

(2) For the avoidance of doubts it is clarified that this regulation shall also apply to promotions of any category of employees to the junior management grade.

(The guidelines issued by the Government in terms of provisio to Regulation 17 are given in Annexure-6)

Seniority

18. (1) Each year, the Bank shall prepare a list of officers in its service showing their names in the order of their seniority on an all India basis and containing such other particulars as the bank may determine. A copy of such list shall be kept at every branch or office of the Bank.

(2) Seniority of an officer in a grade or scale shall be reckoned with reference to the date of his appointment in that grade or scale. Where there are two or more officers of the same length of service in that grade or scale, their inter-se-seniority shall be reckoned with reference to their seniority in the immediately preceding grade or scale or the previous cadre to which they belonged in the Bank's service. Where two or more officers have the same length of service in such preceding

या वेतनमान या पिछले संवर्ग में भी समान हो तो उनकी वरिष्ठता का निर्धारण यथास्थिति उनकी ठीक पूर्ववर्ती श्रेणी या वेतनमान या संवर्ग में उनकी वरिष्ठता के आधार पर किया जाएगा।

(3) उप-विनियम (2) के प्रावधानों के अधीन

(क) किसी ग्रेड या वेतनमान में एक बैच में सीधी भर्ती किए गए अधिकारियों की आपसी वरिष्ठता का निर्धारण ऐसी भर्ती के समय उन्हें दिए गए रैंक के आधार पर किया जाएगा।

(ख) यदि सामान्य श्रेणी और आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत भर्ती किए गए अधिकारियों को किसी बैंक में नियुक्त किया जाता है तो इस प्रकार के एक ही तारीख को कार्यग्रहण करने वाले उम्मीदवारों के बीच आपसी वरिष्ठता का निर्धारण उन उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा और इसमें आरक्षित उम्मीदवारी को दिए गए सैद्धांतिक अंकों को नहीं जोड़ा जाएगा।

(ग) तथापि यदि दो या दो से अधिक श्रेणी के अधिकारी जैसे तकनीकी क्षेत्र अधिकारी, कृषि क्षेत्र अधिकारी और विभिन्न श्रेणी के अधिकारियों के लिए पृथक वरिष्ठता सूची रखने की कोई पद्धति नहीं है तो सामान्य वरिष्ठता सूची में उनकी वरिष्ठता का निर्धारण जन्म की तारीख के आधार पर किया जाएगा।

(4) यदि किसी अधिकारी की परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाती है तो उसकी वरिष्ठता का निर्धारण उसी बैच में उसके साथ नियोजित या पदोन्नत सभी अधिकारियों के, यदि कोई हों, तुरन्त बाद किया जाएगा।

(5) यह विनियम नियत तिथि से ठीक पहले विद्यमान अधिकारियों की आपसी वरिष्ठता पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं डालेगा।

सेवानिवृत्ति आयु

19. (1) अधिकारी संवर्ग के किसी कर्मचारी की सेवा-निवृत्ति की आयु सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाएगी –

"परन्तु यह कि इसमें इसके पश्चात् उपविनियम (2) में यथाउपबंधित विशेष समिति (समितियों) द्वारा समीक्षा करने पर बैंक अपने विवेकानुसार किसी अधिकारी संवर्ग के कर्मचारी को 55 वर्ष की

grade or scale or such previous cadre, their seniority shall be determined with reference to their seniority in the immediately preceding grade or scale or cadre, as the case may be.

(3) Subject to the provision of the sub-regulation (2) :

(a) The inter-se seniority of officers directly recruited in a batch to any grade or scale shall be reckoned with reference to the rank allotted to them at the time of such recruitment.

(b) If officers recruited under the general category and reserved category are allotted to any bank, the seniority inter-se amongst the candidates so alloted who join on the same date shall be determined in accordance with the marks obtained by such candidates without adding notional marks for the reserved candidates.

(c) If, however, two or more categories of officers such as technical field officers, agricultural field officers and general officers join on the same date and if there is no system of maintaining separate seniority list for the different categories of officers, seniority in the common seniority list shall be determined on the basis of the date of birth.

(4) In the case of an officer whose probation has been extended, his seniority shall be reckoned just below all the officers, if any, recruited or promoted in the same batch along with him.

(5) Nothing in this regulation shall affect the seniority among themselves of the officers as existing immediately prior to the appointed date.

Age of retirement

19. (1) The age of retirement of an officer employee shall be as determined by the Board in accordance with the guidelines issued by the Government from time to time—

"Provided that the Bank may, at its discretion, on review by the Special Committee/Special Committees as provided hereinafter in sub-

आयु पूरी करने पर या उसके बाद किसी समय भी अथवा अधिकारी संवर्ग के कर्मचारी के रूप में या अन्यथा 30 वर्ष की सेवा अवधि पूरी करने पर या उसके बाद किसी समय भी, इनमें से जो भी पहले हो, यदि बैंक के विचार में यह कार्य जन हित में है तो सेवा निवृत्त कर सकता है।

परन्तु यह और कि किसी अधिकारी को सेवा-निवृत्त करने से पहले उसे लिखित रूप में तीन महीने की सूचना या तीन महीने के वास्तविक संवेतन/वेतन व भत्ते की समतुल्य राशि का भुगतान किया जाएगा :

परन्तु यह और कि सक्षम प्राधिकारी के आदेश से असन्तुष्ट कोई अधिकारी, जैसा कि उप विनियम (2) में उपबंधित है, आदेश जारी होने के एक माह के भीतर निदेशक मण्डल के समक्ष सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के विरुद्ध लिखित रूप में अभ्यावेदन दे सकता है और सम्बन्धित अधिकारी से इस प्रकार का अभ्यावेदन पाकर निदेशक मण्डल उसके अभ्यावेदन पर विचार करेगा तथा तीन माह की अवधि के भीतर निर्णय लेगा। यदि निदेशक मण्डल यह निर्णय करता है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिया गया आदेश न्यायसंगत नहीं है तो सम्बन्धित अधिकारी को पुनः बहाल किया जाएगा तथा यह मान लिया जाएगा कि सक्षम प्राधिकारी ने कोई आदेश नहीं दिया है;

परन्तु यह और भी कि इस विनियम में अंतर्विष्ट कोई बात किसी अधिकारी संवर्ग के कर्मचारी को बैंक के नियमों के अनुसार अपने विकल्प का प्रयोग करने पर पहले सेवा-निवृत्त होने से नहीं रोकेगी।

स्पष्टीकरण

अधिकारी संवर्ग का कर्मचारी उस महीने की अंतिम तारीख को सेवा-निवृत्त होगा जिस महीने में उसने सेवा निवृत्ति की आयु पूरी की हो।

(2) इस विनियम के प्रथम परन्तुक के अनुसार अधिकारी संवर्ग के किसी कर्मचारी को सेवानिवृत्त किया जाना चाहिए या नहीं, इस विषय पर समीक्षा करने के लिए कम से कम तीन सदस्यों की एक विशेष समिति (समितियों) का गठन बैंक करेगा। ऐसी

regulation (2) retire, if it is of the opinion that it is in the public interest, an officer employee on or at any time after the completion of 55 years of age or on or at any time after the completion of 30 years of total service as an officer employee or otherwise, whichever is earlier."

Provided further that before retiring an officer employee, at least three month's notice in writing or an amount equivalent to three months' substantive salary/pay and allowances, shall be given to such officer employee;

Provided further that an officer aggrieved by the order of the Competent Authority, as provided in sub-regulation (2) may, within one month of the passing of the order, give in writing a representation to the Board of Directors against the decision of the Competent Authority, and on receipt of such representation from the concerned officer, the Board of Directors shall consider his representation and take a decision within a period of three months. Where the Board of Directors decides that the order passed by the Competent Authority is not justified, the concerned officer shall be reinstated as though the Competent Authority has not passed the order;

Provided also that nothing in this regulation shall be deemed to preclude an officer employee from retiring earlier pursuant to the option exercised by him in accordance with rules in the Bank.

Explanation

An officer employee will retire on the last day of the month in which he completes his age of retirement.

(2) The Bank shall constitute a Special Committee(s) consisting of not less than three members to review whether an officer employee should be retired in accordance with the first proviso to this regulation. Such Committee(s) shall, from time to time, review

समिति (समितियाँ) समय-समय पर प्रत्येक अधिकारी के मामले की समीक्षा करेगी और किसी अधिकारी की सेवा निवृत्ति के बारे में जब तक ऐसी समिति (समितियाँ) सक्षम प्राधिकारी को लिखित रूप से सिफारिश नहीं करेगी, तब तक उस अधिकारी को सेवानिवृत्त करने का आदेश नहीं दिया जाएगा।

(विनिमय 19(1) एवं (2) के परंतुक की शर्तों के अनुसार सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्त अनुबंध-7 में दिए गए हैं)

सेवा समाप्ति

20.(1)(क) विनियम 16 के उप-विनियम 3 के अध्यधीन जहां बैंक इस बात से संतुष्ट हो कि किसी अधिकारी का कार्य-निष्पादन असंतोषजनक है या अपर्याप्त है, या उसकी ईमानदारी के बारे में वास्तव में संदेह है या उसे बैंक में रखे जाने से बैंक के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और जहां अनुशासनिक प्रक्रिया के अनुसार उसके विरुद्ध कार्यवाही करना संभव या समीचीन नहीं है, वहां समय-समय पर सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार बैंक उसे तीन महीने की नोटिस देकर या उसके बदले परिलब्धियां देकर उसकी सेवाएं समाप्त कर सकता है।

(ख) इस उप-विनियम के अधीन सेवा समाप्ति का आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक उस अधिकारी को प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध बैंक के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए उचित अवसर नहीं दिया जाता है।

(ग) उपर्युक्त उप-विनियम (क) के अधीन अधिकारी संवर्ग के किसी कर्मचारी की सेवा-समाप्ति का निर्णय केवल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा ही लिया जाएगा।

(घ) अधिकारी संवर्ग का कर्मचारी बैंक के निदेशक मंडल के समक्ष 15 दिनों के भीतर उपर्युक्त उप-विनियम (क) के अधीन पारित किसी आदेश के विरुद्ध अपील करने का हकदार होगा। यदि अपील मंजूर कर ली जाती है तो उप-विनियम (क) के अधीन दिया गया आदेश रद्द समझा जाएगा।

(ङ) जहां अधिकारी संवर्ग के किसी कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी गई हों और उसे नोटिस के बदले तीन महीने की परिलब्धियों की राशि दे दी गई हो तथा अपील के बाद उसकी सेवा-समाप्ति

the case of each officer employee and no order of retirement shall be made unless the Special Committee(s) recommend(s) in writing to the Competent Authority the retirement of the Officer employee.

(The guidelines issued by the Government in terms of proviso to Regulation 19(1) & (2) are given in Annexure-7.)

Termination of service

20.(1) (a) Subject to sub-regulation 3 of regulation 16 where the Bank is satisfied that the performance of an officer is unsatisfactory or inadequate or there is a bonafied suspicion about his integrity or his retention in the Bank's service would be prejudicial to interests of the Bank, and where it is not possible or expedient to proceed against him as per the disciplinary procedure, the Bank may terminate his services on giving him three months' notice or emoluments in lieu thereof in accordance with the guidance issued by the Government from time to time.

(b) Order of termination under this sub-regulation shall not be made unless such officer has been given a reasonable opportunity of making a representation to the Bank against the proposed order.

(c) The decision to terminate the services of an officer employee under sub-regulation (a) above will be taken only by the Chairman and Managing Director.

(d) The officer employee shall be entitled to appeal against any order passed under sub-regulation (a) above by preferring an appeal within 15 days to the Board of Directors of the Bank. If the appeal is allowed, the order under sub-regulation (a) shall stand cancelled.

(e) Where an officer employee whose services have been terminated and who has been paid an amont of three months emoluments in lieu of notice and on appeal his termination is cancelled, the amount

का आदेश रद्द कर दिया गया हो, वहां नोटिस के बदले उसे दी गई राशि उसके उस वेतन के साथ समायोजित की जाएगी जिसे वह अर्जित करता यदि उसकी सेवाएं समाप्त नहीं की जाती और वह बैंक के नियोजन में उन्हीं निबंधनों एवं शर्तों पर रहेगा मानो उसकी सेवा-समाप्ति का आदेश पारित ही नहीं किया गया हो।

(च) अधिकारी संवर्ग के जिस कर्मचारी की सेवाएं उप-विनियम (क) के अधीन समाप्त कर दी जाती हैं उसे उसकी सेवा के वर्षों पर विचार किए बिना उपदान, नियोजक के अंशदान सहित भाविष्यनिधि तथा अन्य सभी बकाया राशियों, जो उसे नियमानुसार स्वीकार्य हों, प्रधान की जाएंगी।

(छ) इसके ऊपर की कोई भी बात विनियम 19(1) के अधीन अधिकारी संवर्ग के किसी कर्मचारी को सेवा निवृत्त करने के बैंक के अधिकार पर प्रभाव नहीं डालेगी।

(2) कोई अधिकारी बैंक की सेवा छोड़ने या समाप्त करने या पदत्याग करने के अपने आशय के संबंध में पहले लिखित नोटिस दिए बिना बैंक की सेवा नहीं छोड़ेगा या समाप्त नहीं करेगा/इसके लिए नोटिस देने की अपेक्षित अवधि 3 महीने होगी और वह इन विनियमों में विहित सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

परंतु यह और कि सक्षम प्राधिकारी 3 महीने की अवधि को कम कर सकता है या नोटिस की अपेक्षा से छूट दे सकता है।

(3) (i) जिस अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां लंबित है, वह सक्षम प्राधिकारी से लिखित रूप में पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना बैंक की अपनी सेवा नहीं छोड़ेगा/समाप्त नहीं करेगा या पदत्याग नहीं करेगा और ऐसे अधिकारी द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही के दौरान या पहले दी गई कोई भी नोटिस या त्यागपत्र तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है।

(ii) इस विनियम के प्रयोजनार्थ किसी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां तभी लम्बित समझी जाएंगी यदि उसे निलंबित किया गया हो या उसे इस आशय की कारण बताओ नोटिस

paid to him in lieu of notice shall be adjusted against the salary that he would have earned, had his services not been terminated and he shall continue in the Bank's employment on same terms and conditions as if the order of termination had not been passed at all.

(f) An officer employee whose services are terminated under sub-regulation(a) above shall be paid Gratuity, Provident Fund including employer's contribution and all other dues that may be admissible to him as per rules not withstanding the years of service rendered.

(g) Nothing contained hereinabove will affect the Bank's right to retire an officer employee under Regulation 19 (1).

2. An officer shall not leave or discontinue his service in the Bank without first giving a notice in writing of his intention to leave or discontinue his service or resign. The period of notice required shall be 3 months and shall be submitted to the Competent Authority as prescribed in these regulations.

Provided further that the competent authority may reduce the period of 3 months or remit the requirement of notice.

3. (i) An officer against whom disciplinary proceedings are pending shall not leave/discontinue or resign from his service in the bank without the prior approval in writing of competent authority and any notice or resignation given by such an officer before or during the disciplinary proceedings shall not take effect unless it is accepted by the Competent Authority.

(ii) Disciplinary proceedings shall deemed to be pending against any employee for the purpose of this regulation if he has been placed under suspension or any notice has been issued to him

जारी की गई हो कि उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां क्यों नहीं संस्थित की जाएं और ये तब तक लंबित समझी जाएंगी जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा अन्तिम आदेश पारित नहीं कर दिए जाएं।

(iii) जिस अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां प्रारंभ की गई हैं उसकी सेवा अधिवर्षिता की तारीख को समाप्त समझी जाएगी लेकिन अनुशासनिक कार्यवाहियां समाप्त होने तक और उसके बाबत अंतिम आदेश पारित कर दिए जाने तक उसी प्रकार जारी रहेंगी मानो वह सेवा में हो। संबंधित अधिकारी अधिवर्षिता की तारीख के बाद कोई वेतन और/या भत्ता प्राप्त नहीं करेगा। वह अभिदायी भविष्यनिधि में अपने अंशदान के अलावा सेवा निवृत्ति के लाभ का भुगतान प्राप्त करने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कार्यवाहियां समाप्त नहीं हो जाती और उन पर अंतिम आदेश पारित नहीं कर दिया जाता।

अध्याय-V

भत्ते

महंगाई भत्ता

21. (1) 01.11.1987 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता योजना इस प्रकार होगी–

(i) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सामान्य आधार 1960=100 की तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर 4 अंकों की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से संदेय होगा।

(ii) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा :

(i) रु.2,500/- तक 'वेतन' का 0.67%, धन (+),

(ii) रु.2,500/- से ऊपर परंतु रु.4,000/- तक 'वेतन' का 0.55%, धन (+),

(iii) रु.4,000/- से ऊपर परंतु रु.4,260/- तक 'वेतन' का 0.33%, धन (+),

(iv) रु.4,260/- से ऊपर 'वेतन' का 0.17%

21: (2) 01.07.1993 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा-

to show cause why disciplinary proceedings shall not be instituted against him and will be deemed to be pending until final orders are passed by the Competent Authority.

(iii) The officer against whom disciplinary proceedings have been initiated will cease to be in service on the date of superannuation but the disciplinary proceedings will continue as if he was in service until the proceedings are concluded and final order is passed in respect thereof. The concerned officer will not receive any pay and/or allowance after the date of superannuation. He will also not be entitled for the payment of retirement benefits till the proceedings are completed and final order is passed thereon except his own contributions to CPF.

CHAPTER-V

Allowances :

Dearness allowance

21. (1) On and from 1.11.1987, Dearness Allowance Scheme shall be as under :—

(i) Dearness Allowance shall be payable for every rise or fall of 4 points over 600 points in the quarterly average of the All India Average Working Class Consumer Price Index (Genenral) Base 1960=100

(ii) Dearness Allowance shall be payable as per the following rates :—

(i) 0.67% of 'pay' upto Rs. 2500/- plus,

(ii) 0.55% of 'pay' above Rs. 2500/- to Rs. 4000/- plus,

(iii) 0.33% of 'pay' above Rs. 4000/- to Rs. 4260/- plus,

(iv) 0.17% of 'pay' above Rs. 4260/-

21. (2) On and from 1.7.1993, Dearness Allowance Scheme shall be as under :—

(i) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सामान्य आधार 1960=100 की तिमाही औसत में 1184 अंकों के ऊपर 4 अंकों की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से संदेय होगा।

(ii) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा :

(क) रु.4,800/- तक वेतन का 0.35%, धन (+),

(ख) रु.4,800/- से ऊपर परंतु रु.7,700/- तक वेतन का 0.29%, धन (+),

(ग) रु.7,700/- से ऊपर परंतु रु.8,200/- तक वेतन का 0.17%, धन (+)

(घ) रु.8,200/- से ऊपर वेतन का 0.09%

टिप्पणी :(i) महंगाई भत्ते के प्रयोजन हेतु वेतन से मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां अभिप्रेत है।

(ii) महंगाई भत्ते के लिए व्यावसायिक अर्हता भत्ते को 01.11.1994 से गिना जाएगा।

मकान किराया भत्ता

22. (1) 1.11.1994 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है तो वह जिस वेतनमान में हैं उसके प्रथम प्रक्रम में मूल वेतन के 4% के बराबर रकम या आवास हेतु मानक किराया, इनमें से जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा।

(2) 1.11.1992 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा मकान नहीं दिया गया है तो वह निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा :-

स्तंभ I	स्तंभ II
कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानें पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
(i) सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख 'ए' वर्ग के नगर तथा समूह 'ए' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 13% प्रतिमाह

(i) Dearness Allowance shall be payable for every rise or fall of 4 points over 1148 points in the quarterly average of the All India Average Working Class Consumer Price Index (General) Base 1960=100

(ii) Dearness Allowance shall be payable as per the following rates :—

(a) 0.35% of 'pay' upto Rs. 4800/- plus,

(b) 0.29% of 'pay' above Rs. 4800/- to Rs. 7700/ plus,

(c) 0.17% of 'pay' above Rs. 7700/- to Rs. 8200/ plus,

(d) 0.09% of 'pay' above Rs. 8200/-

Note :(i) 'Pay' for the purpose of Dearness Allowance shall mean basic pay including Stagnation Increments.

(ii) Professional Qualification Allowance shall rank for dearness allowance with effect from 1.11.1994.

House rent allowance

22. (1) Where an officer is provided with residential accommodation by the bank, on and from 1.11.1994, a sum equal to 4% of the basic pay in the first stage of the scale of pay in which he is placed or the standard rent for the accommodation, whichever is less, will be recovered from him.

(2) Where an officer is not provided any residential accommodation by the bank, he shall be eligible on and from 1.11.1992 for House Rent Allowance at the following rates :—

Column I	Column II
Where the place of work is in	HRA payable shall be
(i) Major 'A' Class Cities specified as such from time to time in accordance with the guidelines of the Government & Project Area Centres in Group 'A'	13% of the pay p.m.

स्तंभ I	स्तंभ II
कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
(ii) क्षेत्र I में अन्य स्थान तथा समूह 'बी' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12% प्रतिमाह
(iii) क्षेत्र II तथा उपर्युक्त (i) और (ii) के अंतर्गत न आने वाले राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों की राजधानियां	वेतन का $10^1/_2$% प्रतिमाह
(iv) क्षेत्र III	वेतन का 9-1/2% प्रतिमाह

परंतु यदि कोई अधिकारी किराये की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के 4% से ऊपर, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया या ऊपर स्तंभ II के अनुसार देय मकान किराया भत्ते का 150%, जो भी कम हो, होगा।

टिप्पणी : (i) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु 'वेतन' से मूल वेतन तथा 1.7.1993 को परिशोधित वेतनमान के अनुसार अवरोध वेतनवृद्धियां अभिप्रेत हैं।

(ii) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु व्यावसायिक अर्हता भत्ते को 1.11.1994 से प्रभावी माना जाएगा।

(3) यदि कोई अधिकारी अपने ही मकान में रहता है तो उसे उप-विनियम (2) के परंतुक में उल्लिखित के आधार पर इस प्रकार मकान किराया भत्ता मिलेगा मानो वह निम्नलिखित "अ" अथवा "आ" में से उच्चतर के बारहवें भाग के बराबर राशि मासिक किराए के रूप में दे रहा हो :

"अ"

निम्नलिखित का योग :-

(i) निवास स्थान के लिए देय नगरपालिका कर, और

(ii) भूमि की लागत सहित निवास स्थान की पूंजीगत लागत का 12%, और यदि निवास स्थान किसी भवन का भाग है तो

Column I	Column II
Where the place of work is in	HRA payable shall be
(ii) Other places in Area I and Project Area Centres in Group 'B'	12% of the pay p.m.
(iii) Area II and State Capitals and Capitals of Union Territories not covered by (i) and (ii) above	$10^1/_2$% of the pay p.m.
(iv) Area III	$9^1/_2$% of the pay p.m.

Provided that if an officer produces a rent receipt, the House Rent Allowance payable to him shall be the actual rent paid by him for his residential accommodation is excess over 4% of the pay in the first stage of the scale of pay in which he is placed or 150% of the House Rent Allowance payable as per Column II above whichever is lower.

Note :(i) 'Pay' for the purpose of House Rent Allowance shall mean basic pay including stagnation increments in terms of revised pay scales as on 1.7.1993.

(ii) Professional Qualification Allowance shall rank for House Rent Allowance with effect from 1.11.1994.

3. Where an officer resides in his own accommodation he shall be eligible for a House Rent Allowance on the same basis as mentioned in proviso to sub-regulation (2) as if he were paying by way of monthly rent a sum equal to one twelfth of the higher of A or B below :-

A

The aggregate of :-

i) Municipal taxes payable in respect of the accommodation; and

ii) 12% of the capital cost of the accommodation

उतने भाग की भूमि के आनुपातिक हिस्से की पूंजीगत लागत, किन्तु इसके अंतर्गत वातानुकूलक जैसे विशेष जुड़नार शामिल नहीं होंगे, अथवा

"आ"

निवास स्थान के लिए नगरपालिका कर निर्धारण हेतु आँका गया वार्षिक किराया मूल्य।

स्पष्टीकरण :

(1) इस विनियम के प्रयोजन हेतु "मानक किराया" से अभिप्रेत है;

(क) बैंक के स्वामित्व वाले निवास स्थानों के मामले में सरकार द्वारा ऐसे निवास स्थानों के संबंध में प्रचलित पद्धति के अनुसार आँका गया मानक किराया।

(ख) दिनांक 1.4.1990 से, यदि निवास स्थान बैंक द्वारा किराए पर लिया गया है तो बैंक द्वारा देय संविदागत किराया या उपर्युक्त (क) में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार परिकलित किराया, इनमें से जो भी कम हो।

(2) इस विनियम में और विनियम 23 में क्षेत्र I, क्षेत्र II और क्षेत्र III से निम्नलिखित अभिप्रेत होंगे–

क्षेत्र I 12 लाख से अधिक आबादी वाले स्थान

क्षेत्र II - क्षेत्र I में शामिल से अन्यथा ऐसे सभी नगर जिनकी आबादी 1 लाख और उससे अधिक हो

क्षेत्र III - एसे सभी स्थान जो क्षेत्र I और क्षेत्र II में शामिल नहीं हों।

(विनियम 22(2) परंतुक की शर्तों के अनुसार सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धांत अनुबंध-8 में दिए गए हैं)

अन्य भत्ते

23. कोई अधिकारी निम्नलिखित अन्य भत्ते पाने का पात्र होगा, यथा :-

(i) 1.11.1993 को और उसके बाद से, यदि अधिकारी निम्नलिखित सारणी के स्तंभ 1 में उल्लिखित किसी स्थान में कार्यरत हो तो

including the cost of the land and if the accommodation is part of a building, the proportionate share of the capital cost of the land attributable to that accommodation, excluding the cost of special fixtures, like air conditioners or

B

The annual rental value taken for municipal assessment of the accommodation.

Explanation :-

(1) For the purpose of this Regulation "standard rent" means :-

(a) In the case of any accommodation owned by the Bank, the standard rent calculated in accordance with the procedure for such calculation in vogue in the Government;

(b) With effect from 1.4.1990 where accommodation has been hired by the bank, contractual rent payable by the bank or rent calculated in accordance with procedure in (a) above, whichever is lower.

(2) In this Regulation and in Regulation 23 Area I, Area II and Area III shall mean as under :—

Area I - Places with a population of more than 12 lakhs.

Area II - All cities other than those included in Area I which have a population of 1 lakh and more.

Area III - All places not included in Area I and Area II.

(The guidelines issued by the Government in terms of proviso to Regulation 22(2) are given in Annexure-8)

Other Allowances

23. An officer shall be eligible for the following other allowances namely :—

i) On and from 1.11.1993, if he is serving in a place mentioned in column 1 of the Table below,

वह उस स्थान के सामने स्तंभ 2 में उल्लिखित दर पर नगर प्रतिकर भत्ता पाने का पात्र होगा :

स्थान (1)	दर (2)
(क) क्षेत्र I के स्थान और गोवा राज्य	मूल वेतन का 4-1/2% अधिकतम रु.335/- प्रतिमाह
(ख) 5 लाख तथा उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान और राज्यों की राजधानियां तथा चंडीगढ़, पांडिचेरी और पोर्टब्लेयर जो ऊपर (क) में नहीं आते।	मूल वेतन का 3-1/2% अधिकतम रु.230/- प्रतिमाह

(ii) सरकार के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप, समय-समय पर मण्डल द्वारा निर्धारित क्षेत्रों में और निश्चित दर से विशेष क्षेत्र भत्ता देय होगा।

(iii) यदि वह ग्रुप "ए" अथवा ग्रुप "बी" के किसी परियोजना क्षेत्र में सेवारत है तो उसे निर्धारित ग्रुप "ए" अथवा ग्रुप "बी" में क्रमशः रु. 40/- या रु. 25/- प्रतिमास की दर से परियोजना क्षेत्र प्रतिपूरक भत्ता देय होगा।

(iv) दिनांक 1.1.87 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी का स्थानान्तरण किसी शैक्षिक वर्ष के मध्य में किया जाता है और पूर्ववर्ती स्थान पर उसके एक या एक से अधिक बच्चे स्कूल या कालेज के विद्यार्थी हैं, तो उसे दूसरे स्थान पर कार्यग्रहण करने की तिथि से, उस शैक्षिक वर्ष के अन्त तक सभी बच्चों के लिए रु. 150/- प्रतिमास "मध्य शैक्षणिक वर्ष स्थानांतरण भत्ता" देय होगा, परन्तु पूर्ववर्ती स्थान में सभी बच्चों द्वारा अध्ययन समाप्त करने पर इस भत्ते का भुगतान बंद हो जाएगा।

(v) दिनांक 1.11.1987 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक से बाहर सेवा हेतु प्रतिनियुक्त किया जाता

a City Compensatory Allowance at the rate mentioned in column 2 thereof against that place shall be payable.

Places (1)	Rates (2)
(a) Places in Area I and in the State of Goa	4-1/2% of basic pay subject to a maximum of Rs.335/- per month.
(b) Places with population of 5 lakhs and over and State Capitals and Chandigarh, Pondicherry and Port Blair not covered by (a) above.	3 1/2% of basic pay subject to a maximum of Rs. 230/- per month.

ii) A special area allowance at such places and at such rates as may be decided by the Board from time to time having regard to the guidelines of the Government.

iii) If he is serving in an area to be specified as project area falling in Group A or Group B a project area compensotory allowance at the rate of Rs. 40/- p.m. or Rs. 25/- p.m., according as the area has been classified as Group A or Group B.

iv) On and from 1.1.87, if an officer is transferred from one place to another in the midst of an academic year and if he has one or more children studying in school or college in the former place, a mid-academic year transfer allowance of Rs. 150/- p.m., from the date he reports to the latter place upto the end of the academic year in respect of all the children, provided that such allowance shall cease if all the children cease studying at the former place.

v) On and from 1.11.1987, if an officer is deputed to serve outside the bank, he may opt to receive

है वह अपने प्रतिनियुक्त पद से सम्बन्धित परिलब्धियाँ प्राप्त कर सकता है या वह अपने वेतन के अतिरिक्त वेतन का 12%, अधिकतम रु. 700/- प्रतिनियुक्ति भत्ता और ऐसे सभी भत्ते जो उस स्थान पर पदस्थापित होने पर उसे देय होते, प्राप्त कर सकता है;

परन्तु यदि प्रतिनियुक्ति से ठीक पूर्व के पदस्थापन स्थान पर स्थित किसी संस्थान में उसे प्रतिनियुक्त किया गया हो तो उसे वेतन का 6%, अधिकतम रु. 350/- प्रतिनियुक्ति भत्ता देय होगा;

परन्तु यह और कि यदि कोई अधिकारी बैंक के प्रशिक्षण संस्थान में संकाय सदस्य के रूप में या बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड में प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह अपने वेतन का 6%, अधिकतम रु. 350/- प्रतिनियुक्ति भत्ता प्राप्त करने का पात्र होगा।

(vi) दिनांक 1.11.1987 को और उसके बाद से, यदि वह किसी उच्चतर श्रेणी के पद पर लगातार कम से कम 7 दिन अथवा एक कैलेन्डर मास में कुल 7 दिन स्थानापन्न के रूप में कार्य करता है तो उसे स्थानापन्न रूप में कार्य करने की अवधि के लिए उसके वेतन का 6%, लेकिन अधिक से अधिक रु. 250/ प्रति माह स्थानापन्न भत्ता मिलेगा। स्थानापन्न भत्ता केवल भविष्यनिधि के प्रयोजन के लिए वेतन माना जाएगा, अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं।

परन्तु विनियम 6 के अन्तर्गत केवल पदों के वर्गीकरण की समीक्षा के परिणामस्वरूप यदि कोई अधिकारी उच्चतर वेतनमान में स्थानापन्न के रूप में कार्य करता है तो उसे वर्गीकरण की समीक्षा के प्रभावी होने की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक किसी प्रकार का स्थानापन्न भत्ता देय नहीं होगा।

(vii) वित्तीय वर्ष 1989-90 और उसके बाद से, यदि वह किसी ऐसी शाखा में तैनात किया जाता है जहां 31 मार्च और 30 सितंबर को बहियों का समापन कार्य होता है तो उसे ऐसी प्रत्येक लेखाबंदी के लिए रु. 150/- लेखाबंदी भत्ता दिया जाएगा।

the emoluments attached to the post to which he is deputed. Alteranatively, he may in addition to his pay, draw a deputation allowance of 12% of pay, maximum Rs. 700/- and such other allowances he would have drawn had he been posted in the bank's service at that place.

Provided that where he is deputed to an organisation which is located at the same place where he was posted immediately prior to his deputation, he shall receive a deputation allowance equal to 6% of his pay, maximum Rs. 350/-.

Provided further that an officer on deputation to the Training Establishment of the bank as a faculty member or to Banking Service Recruitment Board shall be eligible for deputation allowance at 6% of his pay, maximum Rs. 350/-.

vi) On and from 1.11.1987, if he is required to officiate in a post in a higher scale for continuous period of not less than 7 days at a time or an aggregate of 7 days during a calendar month, he shall receive an officiating allowance equal to 6% of his pay, subject to maximum of Rs. 250/ - p.m. for the period for which he officiates. Officiating Allowance will rank as pay for purposes of Provident fund and not for other purposes. Provided that where an officer comes to officiate in a higher scale, as a consequence solely of the review of the categorisation of posts under Regulation 6, he shall not be eligible for the Officiating Allowance for a period of one year from the date on which the review of the categorisation takes effect.

vii) On and from financial year 1989-90 if he is posted at a branch where books are closed on 31st March and 30th September a closing allowance of Rs. 150/- for each of the two closings.

(viii) दिनांक 1-1-1990 को और उसके बाद से, यदि उसके एक दिन के कार्य-समय में विभाजन किया जाता है और कार्य-समय में कम से कम दो छोटे का अंतराल होता है तो उसे रु. 35/- प्रतिमाह सेवा विभाजन भत्ता दिया जाएगा।

(ix) यदि वह अवकाश के दिन वाल्ट या तिजोरी के अभिरक्षक के रूप में कार्य करता है तो उस पर लागू दर से उसे दैनिक भत्ता देय होगा।

(x) दिनांक 1.11.1987 को और उसके बाद से, यदि वह नीचे दी गई सारणी के स्तंभ 1 में उल्लिखित किसी स्थान पर सेवारत है तो उसे स्तंभ 2 में उल्लिखित दर से पर्वत तथा इंधन भत्ता दिया जाएगा :-

स्थान	दर
i) 1000 मीटर और उससे अधिक, परंतु 1500 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान और मरकारा शहर	वेतन का 5%, अधिकतम रु. 130/-
ii) 1500 मीटर और उससे अधिक, परंतु 3000 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 6-1/2%, अधिकतम रु. 160/-
iii) 3000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 15%, अधिकतम रु. 600/-

टिप्पणी :(क) कम से कम 750 मीटर ऊंचाई पर स्थित स्थानों पर, जो उससे अधिक ऊंचाई वाले पर्वतों से घिरे हुए हों और जिन तक पहुंचने के लिए 1000 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई पार करनी पड़ती हो, तैनात अधिकारियों को 1000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले केन्द्रों के लिए देय दर पर पर्वत तथा ईंधन भत्ता दिया जाएगा;

(ख) उक्त वर्गीकरण के अंतर्गत न आने वाले किसी भी केन्द्र में फिलहाल दिए जाने वाले पर्वत तथा ईंधन भत्ते समाप्त कर दिए जाएंगे। दिनांक 1.11.1987 और 30.4.1989 के बीच दिया गया भत्ता वसूल नहीं किया जाएगा। 1 मई, 1989 से आगे

viii) On and from 1.1.1990, if his working hours during a day are split with minimum interval of 2 hours, a Split Duty Allowance of Rs. 35/- p.m.

ix) If an officer is required to work as custodian of a vault or locker on a holiday, a diem allowane at the rate to which he is entitled.

x) On and form 1.11.1987, if he is serving in a place mentioned in column 1 of the table below, a hill and fuel allowance at the rate mentioned in column 2 thereof :-

Place	Rate
i) Place with an altitude of 100 metres and above but less than 1500 metres and Mercara Town.	5% of pay subject to be maximum of Rs. 130/-
ii) Place with an altitude of 1500 metres and above but less than 3000 metres.	$6^1/_2$% of pay subject to a maximum of Rs. 160/-.
iii) Place with an altitude of 3000 metres and above.	15% of pay subject to a maximum of Rs. 600/-.

Note : (a) Officers posted at places with an altitude of not less than 750 metres and which are surrounded by hills with higher altitude which cannot be reached without crossing an altitude of 1000 metres or more, will be paid Hill and Fuel Allowance at the same rate as is payable at centres with an altitude of 1000 metres and above.

(b) Hill and Fuel Allowance presently paid at any centre not covered by the above classification shall stand withdrawn. The allowance already paid between 1.11.1987 and 30.4.1989 shall not be recovered. From 1st May, 1989 onwards the quantum of allowance paid as on 30th April under

उक्त तारीख को अथवा उसके पहले से उस केन्द्र पर उसी वेतनमान में तैनात रहने की तारीख तक केवल पुराने प्रावधानों के अनुसार 30 अप्रैल को मिल रहे भत्ते के बराबर, राशि का संरक्षण दिया जाएगा।

नोट : विद्यमान दरों/गुणक घटकों के संशोधित होने तक मूल वेतन से संबंधित विनियम 23(v), 23(vi) तथा 23(x) के अनुसार प्रतिनियुक्ति भत्ता, स्थानापन्न भत्ता एवं पर्वत तथा इंधन भत्ते पुराने वेतन के अनुसार दिए जाएंगे।

(विनियम 23(ii) के परंतुक की शर्तों के अनुसार सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धांत अनुबंध-9 में दिए गए हैं)

अध्याय-VI

अनुलाभ :

चिकित्सा सहायता

24. (1) अधिकारी अपने परिवार के लिए किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की निम्नलिखित आधार पर प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा, अर्थात् :-

(क) **चिकित्सा व्यय**

1.11.1994 को और उसके बाद से अधिकारी द्वारा अपने और अपने परिवार के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति नीचे स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट श्रेणी तथा स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट प्रतिपूर्ति सीमा के अध्यधीन की जाएगी। इसके लिए अधिकारी को अपनी ओर से ही प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसने यह व्यय किया है और दावा की गई राशि के समर्थन में उसे खर्च का विवरण देना होगा :

सारणी

श्रेणी	वार्षिक प्रतिपूर्ति सीमा
1	2
कनिष्ठ प्रबंधन तथा मध्य प्रबंधन श्रेणी	रु.1,500/-
वरिष्ठ प्रबंधन तथा उच्च कार्यपालक श्रेणी	रु.2,000/-

the old provisions alone shall be protected in the case of officers posted at that centre on or before that date till the time they remain posted at that centre in the same scale of pay.

NB : Payment of Deputation Allowance, Officiating Allowance and Hill & Fuel Allowance in terms of Regulation 23(v), 23(vi) and 23(x) related to Basic Pay to continue in terms of Old Basic Pay till the existing rates/multiplying factors are revised.

(The guidelines issued by the Government in terms of Proviso to Regulation 23 (ii) are given in Annexure 9)

CHAPTER-VI

Perquisites :

Medical Aid

24. (1) An officer shall be eligible for reimbursement of medical expenses actually incurred by him in respect of himself and his family on the following basis, namely :—

(a) **Medical Expenses**

On and from 1.11.1994 reimbursement of medical expenses to an officer in the grade specified in column 1 of the Table below and his family may be made on the strength of the officer's own certificate of having incurred such expenditure supported by a statement of accounts for the amounts claimed subject to the limit specified in column 2 thereof :—

Table

Grade	Reimbursement limit p.a.
1	2
Junior Management and Middle Management Grade	Rs. 1500/-
Senior Management and Top Executive Grade	Rs. 2000/-

टिप्पणी : (i) उपयोग में न आई चिकित्सा सहायता राशि को अधिकारी संचित कर सकता है परंतु संचित राशि किसी भी समय उल्लिखित अधिकतम राशि के तीन गुने से अधिक नहीं होगी।

(ii) चिकित्सा सहायता योजना के अधीन वर्ष 1994 के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति दो महीने, अर्थात् नवम्बर और दिसम्बर, 1994 के लिए यथानुपात बढ़ाई जाएगी।

स्पष्टीकरण :

इस विनियम के प्रयोजन के लिए अधिकारी के परिवार में पति/पत्नी, पूर्णत: आश्रित संतान और पूर्णत: आश्रित माता-पिता ही शामिल होंगे।

(ख) **अस्पताल में भर्ती खर्च**

(i) 1.11.1994 को और उसके बाद से, अस्पताल में भर्ती होने पर अधिकारी के मामले में 100% तक और परिवार के सदस्यों के मामले में 75% तक के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी। सरकार के मार्ग-निर्देशों के अनुसार समय-समय पर निर्धारित उच्चतम सीमा के अध्यधीन बिलों, वाउचरों आदि के आधार पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(ii) अधिकारियों या उनके परिवार के सदस्यों से, यथास्थिति, यह अपेक्षा की जाती है कि वे किसी सरकारी या नगरपालिका अस्पताल अर्थात् किसी न्यास, धर्मार्थ संस्थान या धार्मिक मिशन के प्रबंधन के अधीन आने वाले अस्पतालों में भर्ती हों, किन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों में अधिकारीगण या उनके परिवार के सदस्य अथवा दोनों किसी अनुमोदित (निजी नर्सिंग होम या बैंक द्वारा अनुमोदित निजी अस्पतालों में भर्ती हो सकते हैं किन्तु ऐसे मामलें में प्रतिपूर्ति ऊपर वर्णित अस्पतालों मे भर्ती पर प्रतिपूर्ति-योग्य राशि तक सीमित रहेगी।

(iii) 1.11.1994 को या उसके बाद से, मान्यताप्राप्त अस्पताल के प्राधिकारियों और बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा घर पर इलाज की आवश्यकता प्रमाणित करने पर निम्नलिखित

Note : (i) An officer may be allowed to accumulate unavailed medical aid so as not to exceed at any time three times the maximum amount provided above.

(ii) For the year 1994 the reimbursement of medical expenses under the medical aid scheme shall be enhanced proportionately for two months, i.e. November and December, 1994.

Explanation :

'Family' of an officer for the purpose of this regulation shall consist of spouse, wholly dependent children and wholly dependent parents only.

(b) **Hospitalisation Expenses :**

(i) On and from 1.11.1994, hospitalisation charges will be reimbursed to the extent of 100% in the case of an officer and 75% in the case of his family members in respect of all cases which require hospitalisation. Reimbursement on the basis of bills, vouchers, etc., of expenses incurred shall be subject to ceilings determined from time to time in accordance with the guidelines of the Government.

(ii) The officers or members of their families (as the case may be) are expected to secure admission in a Government or Municipal Hospital or any private hospital, i.e. hospitals under the management of a Trust, Charitable Institution or religious mission. But in unavoidable circums-tances the officers or their family members or both may avail themselves of the services of one of the approved private nursing homes or private hospitals approved by the Bank. Reimbursement in such cases should, however, be restricted to the amount which would have been reimbursable in case the patient was admitted to one of the hospitals mentioned above.

(iii) On and from 1.11.1994, medical expenses incurred in respect of the following diseases which need domiciliary treatment as may be

रोगों के चिकित्सा खर्चों को भी अस्पताल में भर्ती खर्च माना जाएगा और उससे संबंधित चिकित्सा खर्चों की अधिकारी के मामले में 100% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 75% तक प्रतिपूर्ति की जाएगी :

कैंसर, श्वेतरक्तता, थैलसामिया, तपेदिक, पक्षाघात, हृदयरोग, कुष्ठ रोग, गूर्दे की खराबी, मिरगी, पार्किन्सन की बीमारियां, मनोविकार दोष और मधुमेह।

टिप्पणी : घरेलू उपचार के मामले में दवाओं आदि की लागत की प्रतिपूर्ति विशेषज्ञ के नुस्खे में उल्लिखित अवधि के लिए की जाएगी। यदि अवधि का उल्लेख नहीं किया गया है तो प्रतिपूर्ति के प्रयोजन हेतु नुस्खा 90 दिनों तक वैध होगा।

(2) उक्त उप-विनियम (i) में उल्लिखित चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) के होते हुए भी और उनका पूर्णतया प्रतिस्थापन करते हुए, नियत तारीख को जो चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) बैंक में उपलब्ध थे, निदेशक-मण्डल उनमें कोई परिवर्तन किए बिना, उन्हें बनाए रखने का विनिश्चय कर सकता है और यदि निदेशक मण्डल ऐसा तय करता है तो सभी अधिकारी चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) के लिए नियत तारीख को बैंक में लागू निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार ही चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे।

(3) चिकित्सा सहायता और अस्पताल में भर्ती की सुविधाएं निलंबित अधिकारियों को भी दी जाएंगी।

(विनियम 24 के संबंध में सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांत अनुबंध-10 में दिए गए हैं।)

आवासीय सुविधा

25. अधिकारी बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराये जाने के लिए साधिकार हकदार नहीं होगा। किंतु, यदि बैंक चाहे तो वह अधिकारी को आवास उपलब्ध करा सकता है जिसके लिए अधिकारी 1.11.1994 को और उसके बाद से अपने वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 4% के बराबर राशि या आवास के लिए मानक किराये का, जो भी कम हो, भुगतान करेगा।

